52 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in | यह मुज़फ़्फ़रनगर है...

न्यूनतम 18.6°c | अधिकतम 33.5°c

मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय : 6:28 सूर्यास्त : 5:37 | वर्ष : 52/ अंक : 297 | शनिवार, 26 अक्टूबर 2024 | कार्तिक, कृष्ण पक्ष, दशमी | सम्वत् 2081 | मूल्य 3 रुपये | कुल पृष्ठ-04

अमृतवाणी

प्रेम और नम्रता एक ऐसी महक है, जिसकी खुश्ब से परमात्मा भी, मनुष्य की तरफ खिंचे आते हैं।

सपा की साईकिल सैफई के लिए प्रस्थान : केशव प्रसाद मौर्य

सैफई में साईकिल के लिए मौजूद है मैदान.....

ऋषि स्वीट्स पर छापेमारी के बाद व्यापारी बोले, ना इस शहर में समोसे वाला बख्शा जायेगा और ना हलवाई सबकी शामत आई

▶ क्या करेंगे इस शहर में व्यापार करके ▶ मिठाई विक्रेता आज कर सकते हैं बाजार बंद, बोले-जो नुकसान होना है, वो तो अब भी हो ही रहा है, दुकानें ही क्यों ना बंद कर दें।

मुजफ्फरनगर, 25 अक्टूबर (बु.)। शुक्रवार को ऋषि स्वीटस पर छापेमारी के बाद सिर्फ मिठाई विक्रेताओं में ही नहीं पूरे शहर में देर रात हड़कम्प मच गया। सिर पर त्यौहार आते ही जिले में सबसे पहले प्रत्येक विभाग की निगाहे व्यापारियों पर ही पड़ती दिखाई देती है, कभी पटाखा विक्रेताओं पर छापेमारी, कभी खाद्य विभाग की विभिन्न वस्तुओं पर और अब प्रसिद्ध मिठाई विक्रेता ऋषि स्वीटस पर शुक्रवार दोपहर छापेमारी की गयी। बताया जाता है कि वाणिज्य कर की टीम बाहर से आयी हुई थी और दिन में साढ़े तीन बजे से लेकर समाचार लिखे जाने तक लगातार छापेमारी जारी थी। छापे में क्या अनियमित्ताएं मिली यह किसी को समाचार लिखे जाने तक खबर नहीं थी और अनियमितताओं की बात करें तो अनियमित्ता मिलना दीपावली जैसे भरे सीजन में कोई बड़ी बात नहीं। यदि शहर से 100 हलवाईयों के पास भी जाया जायेगा तो यह बात शर्त लगाकर लिखी जा सकती है कि एक भी हलवाई ऐसा नहीं निकलेगा, जहां अनियमित्ता नहीं पाये जाये, क्योंकि यह काम ही इतना बड़ा है कि चार लडडू भी इधर से उधर हो गये तो मिल गयी अनियमित्ता। इसलिये किसी भी कारोबार में अनियमित्ता ढूंढना बड़ा सरल है, मगर आज बड़े हलवाई की दुकान पर छापेमारी कर अधिकारियों ने साबित कर दिया कि वें शायद शहर के किसी भी शख्स को ना छोड़े। ऐसा भी हो सकता है कि वें किसी भी दिन किसी मोची के पास जाकर खड़े हो जाये और उससे पूछे कि तुमने जूते में कितनी कील लगाई हैं यह भी बता दो। यह बात तो कई बार लिखी जा चुकी है कि इस जनपद के अन्दर व्यापारियों व आम नागरिकों का जो उत्पीड़न हो रहा है और नेता जमकर इसका तमाशा देख रहे हैं, इसका खामियाजा पहले ही केन्द्र व प्रदेश में बैठी सरकार भुगत रही है, मगर अब तो ऐसा लगता है कि सूपड़ा साफ होने की तैयारी हो चुकी है। त्यौहार के ऐसे दौर में व्यापार जगत में इतना हड़कम्प मचवाना कहां का नियम है। पूरे वर्ष विभिन्न तरीकों से व्यापारी को कभी इनकम टैक्स, कभी जीएसटी, कभी अन्य अनियमितताओं के चलते खूब पैसा सरकार को देना पड़ता है और इसके अलावा भी ना जाने कौन-कौन से तरीकों से सरकार के अधिकारियों को व्यापारी पैसा पहुंचाने के लिए मजबूर होते हैं। किसी एक आध व्यापारी की बात छोड़ दें तो बात अलग है नहीं तो हर व्यापारी अधिकारियों और सरकार दोनों को अपना खून पसीना एक करके दे रहा है। मगर शायद व्यापारी की सुनवाई ना पहले कभी थी और ना ही आगे कभी होगी। ऐसे में मिठाई विक्रेता पर छापेमारी के बाद देर रात में ही मिठाई विक्रेता शनिवार को दुकानें बंद करने की योजना बनाते दिखाई दिये। अब देखना यह होगा कि शनिवार को व्यापारी अपनी दुकानें खोलते हैं अथवा बंद रखते हैं।

गाजियाबाद के व्यापारी की तर्ज पर किसी दिन यहां के व्यापारी भी नंगे होकर वाणिज्यकर विभाग में जाकर बैठ ना जायें....

रोज-रोज की छापेमारी से तंग व्यापारी एक दिन कारोबार ही ना बंद कर बैठे

मुजफ्फरनगर, 25 अक्टूबर (बु.)। अलग-अलग तरह से अलग-अलग विभागों द्वारा लगातार इस जिले में हो रहे व्यापारियों के उत्पीड़न से व्यापार जगत में पहले से ही हलचल मची है। व्यापारी पर कभी ऑनलाइन की मार पड़ती दिखाई पड़ती है, तो कभी मंदे का दौर व्यापारियों को झेलना पड़ता है। ऊपर से अलग-अलग विभागों को अलग-अलग तरीके से भेंट चढ़ाना अब व्यापारियों के बस से बाहर हो चला है। आज से पहले भी लोग अन्य सरकारों में व्यापार करते थे, मगर कई गुणा जीएसटी देने के बावजूद भी सरकार और अधिकारी दोनों के ही मुंह सुरसा की तरह खुलते जा रहे हैं, जितना भी डालो उतने ही भूखे। वर्ष 2014 से यदि आज के समय की जीएसटी की तुलना करें तो कई गुणा जीएसटी आज व्यापारी भरने लगा है और बदले में उसे ईनाम तो क्या मिलना उसका मानसिक, आर्थिक हर प्रकार से उत्पीड़न हो रहा है। हाल ही में गाजियाबाद में एक व्यापारी जीएसटी विभाग के उत्पीड़न से तंग आकर अर्द्धनग्न होकर बैठ गया था। शायद अब मुजफ्फरनगर के व्यापारियों को भी कुछ ऐसा करने को मजबूर होना होगा। व्यापारियों के शब्द बता पाना तो मुश्किल है कि किस तरह से व्यापारी अपनी इज्जत ढके बैठे हैं। कई व्यापारी तो दबी जुबान में यहां तक कहते हैं कि इस सरकार में अधिकारियों ने व्यापारियों का इतना उत्पीड़न कर रखा है कि हमारी हालत क्या है, कभी देखना हो तो हमारे अन्तवस्त्रों में झांककर देखना। ऊपर से बेशक हमने चकाचक कपड़े पहने हों, मगर हमारे अंडरवियर और बनियान में दर्जनों सुराख मिलेंगे और वो किसी को दिखाये भी नहीं जा सकते। नहीं तो समाज में और खिल्ली उड़ती है। ऐसे में व्यापार जगत पूरी तरह तंग आकर एक ही बात कहता दिखाई पड़ता है कि इससे अच्छा है कि सड़कों पर फल के ठेले लगा लें, जहां कम से कम ताजा कमाकर ताजा खाकर चैन की नींद तो सो सकेंगे। कोई जीएसटी या इनकम टैक्स वाला उत्पीड़न करने तो नहीं आयेगा।

बाजार होगा टनाटन, हर दुकान पर बरसेगा धन

▶ धनतेरस के लिए सुस्त बाजार ले रहा तेजी से अंगडाई ▶ कंपनियों के साथ दुकानदार भी दे रहे ऑफर की भरमार

मुजफ्फरनगर, 25 अक्टूबर (बु.)। नवरात्र, करवा चौथ और अहोई अष्टमी के बाद अब दीपावली के पंचपर्व का पहला त्यौहार धनतेरस बाजार पर धन वर्षा करने के लिए आ रहा है। हाल तक मंदी से जूा रहे बाजार को इस पर्व से खासी उम्मीदें हैं। धन तेरस 29 अक्टूबर की है। इसके लिए बाजार पूरी तरह तैयार है। सर्राफा, बर्तन, इलेक्ट्रानिक्स, मोबाइल, आकर्षक गिफ्ट और वस्त्र उद्योग के साथ ऑटोमोबाइल तथा रियल एस्टेट में भी धन तेरस पर जमकर कारोबार होने की उम्मीद है। त्यौहार पर तमाम कंपनियों ने जहां ऑफर की भरमार की है, वहीं दुकानदार सेल के जरिए भी ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए तैयार हैं। आशा है कि इस पर्व पर पांच सौ करोड़ रुपये तक का कारोबार हो सकता है। दुकानें या तो सज चुकी हैं या फिर सजने की प्रक्रिया में हैं। इस बार बाजार पर गुरु पुष्य नक्षत्र का भी आशीर्वाद रहेगा।

धन तेरस के त्यौहार में मात्र तीन दिन शेष हैं। पिछले दिनों चौमासे और विवाह शादियों का सीजन ठप होने के कारण रो रहे बाजार पर आने वाले त्यौहारी सीजन को लेकर मुस्कुराहट नजर आने लगी है। आशा जताई जा रही है कि धन तेरस पर महालक्ष्मी जमकर बाजार पर अपनी कृपा बिखेरेंगी। नवरात्र के साथ बाजार खुला तो करवाचौथ और अहोई पर हर तरह के कारोबार में उम्मीद की किरण नजर आई है। नए वाहन, आभूषण, कपड़े और इलेक्ट्रॉनिक्स, मोबाइल, गिफ्ट आइटम, रेड़ीमेड गारमेंट्स सहित हर तरह का अच्छा कारोबार हुआ है। लेकिन इसे ट्रेलर माना जा रहा है। असली फिल्म धन तेरस पर शुरू होगी और व्यापारियों को उम्मीद है कि धनतेरस, दीपावली और भईया दूज तक एक हजार करोड़ से अधिक कारोबार होगा। जिले में प्रमुख प्रतिष्ठानों पर काफी संख्या में चौपहिया और दुपहिया वाहनों की बुकिंग हो गई है। सर्राफा, इलेक्ट्रोनिक्स, गिफ्ट आइटम, कपड़े, मिठाई, पूजन सामग्री, बर्तनों का कारोबार बढ़ा है। विक्रेताओं का कहना है कि नवरात्र, करवा चौथ व अहोई पर जिले भर में वाहनों का कारोबार अच्छा रहा है। ऑटोमोबाइल विक्रेताओं का कहना है कि अब धन तेरस पर दुपहिया और चौपहिया वाहनों की खरीदारी के लिए ग्राहक तैयार हैं। इसके लिए रोज वाहनों की बुकिंग हो रही है। हालांकि हर खरीदार चाहता है कि धन तेरस के पुण्य मुहूर्त में ही वह वाहन अपने घर लेकर जाए। त्यौहार को लेकर कपड़ा मार्केट में

शेष - पृष्ठ-4 पर

ऑन लाइन का बहिष्कार, चुनेंगे अपने शहर का बाजार

मुजफ्फरनगर, 25 अक्टूबर (बु.)। ऑन लाइन बाजार में धोखाधड़ी की शिकायतें बढ़ने के बाद अब ग्राहक इससे दूर हो रहा है। बाजार में वह अपनी आंखों के सामने मोल तोल कर सामान खरीद सकता है, जबकि ऑन लाइन खरीदारी में गलत और एक्सपायर माल आने की शिकायतें लगातार बढ़ने के बाद सस्ते के नाम पर हो रही ठगी से बचने के लिए ग्राहक अपने शहर के बाजार की ओर आकर्षित हो रहा है। साइबर अपराध के मामले बढ़ने और इंटरनेट पर फर्जी कंपनियों की भरमार के चलते होने वाली ठगी से ऑन लाइन खरीदारी का तिलिस्म टूट रहा है। त्योहार नजदीक आने के साथ बाजारों में खरीदारी करने वालों की भीड़ बढ़ती जा रही है। छोटी दुकानों से लेकर बड़ी दुकानों तक हर तरफ ग्राहकों की भीड़ है। दूसरी ओर दिवाली के समय कई ई-कॉमर्स वेबसाइट्स भी तमाम ऑफर, भारी डिस्काउंट और कैशबैक के साथ तरह-तरह के लालच दे रही हैं। हालांकि ऑनलाइन शॉपिंग रिस्की भी हो सकता है। त्योहारों के समय वॉट्सएप, फेसबुक और इंस्टाग्राम पर कई ऐसे ऑनलाइन शॉपिंग के लिंक मिल जाएंगे, जो भारी डिस्काउंट और ऑफर्स का दावा कर रहे हैं। इस तरह के लिंक पर क्लिक करते और वहां से कोई भी खरीदारी करते हुए बहुत सतर्क और सावधान

▶ साइबर क्राइम और धोखाधड़ी की बढ़ रही घटनाओं से लोग मायूस

रहना चाहिए। ये फेक लिंक आपको ठगी का शिकार बना सकते हैं। मजे की बात यह है कि नामी मार्केटिंग कंपनियों के नाम से भी फर्जी कंपनियां बनाकर ठगी का धंधा किया जा रहा है। ऐसे में ना केवल झूठे ऑफर्स में ठगी का खतरा है, वहीं साइबर अपराधी आपके अकाउंट को भी हैक कर आपको भारी चूना लगा सकते हैं। अनेक ग्राहकों का कहना है कि वे ऑन लाइन खरीदारी के बजाय अपने शहर के बाजार से ही त्यौहारी खरीदारी करेंगे ताकि ठगों से बच सकें।

मिथलेश का पर्चा जमा कराने उमड़े भाजपा-रालोद के दिग्गज

▶ अंतिम दिन भरे गए 17 पर्चे, 34 प्रत्याशियों ने भरे 42 नामांकन
▶ अब 28 को जांच और 30 को होगी नाम वापसी की प्रक्रिया

मुजफ्फरनगर, 25 अक्टूबर (बु.)। मीरांपुर विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव में लम्बे इंतजार के बाद राजग गठबंधन से घोषित हुई रालोद प्रत्याशी पूर्व विधायक मिथलेश पाल ने अंतिम दिन अपना नामांकन पत्र दाखिल करते हुए मजबूत दावेदारी प्रस्तुत की है। इस बीच मिथलेश पाल का नामांकन पत्र भरवाने के लिए भाजपा-रालोद के दिग्गज नेताओं ने एक मंच पर पहुंच एकजुटता दिखाई। वहीं उनका नामांकन पत्र जमा कराने को योगी सरकार के 3 मंत्री व दोनों जिलाध्यक्षों संग बिजनौर सांसद ने दाखिल कराकर गठबंधन एकजुटता और प्रत्याशी के लिए एक राय होने का संदेश जनता में दिया। वहीं सपा प्रत्याशी सुम्बुल राना ने नामांकन के तीन सेट दाखिल करते हुए राजनीतिक प्रतिस्पर्धा के बीच अपनी ओर से हर तरह से तैयार होने के इस बीच संकेत दिए। मिथलेश पाल के साथ शुक्रवार को अंतिम दिन नामांकन कक्ष में 17 प्रत्याशियों ने अपने नामांकन दाखिल करते हुए चुनाव को रोचक बना दिया है। मीरांपुर में अब 34 प्रत्याशियों ने 42 नामांकन भरे हैं। 30 अक्टूबर को इस चुनावी जंग की पूरी तस्वीर साफ हो जायेगी। अंतिम दिन सपा की प्रत्याशी सुंबुल राना ने किसी गफलत स बचने के लिए 3 नामांकन पत्र सेट जमा कर दाखिल किए हैं। रालोद की मिथलेश पाल की ओर से भी दो नामांकन पत्र दाखिल किए गए।

मीरांपुर विधानसभा सीट पर उपचुनाव में नामांकन प्रक्रिया के बीच शुक्रवार को काम पूर्ण हो गया। अंतिम दिन इस राजनीतिक समर में उतरने को लालायित उक्त दावेदारों की भारी भीड़ कचहरी परिसर में मौजूद रही, जिस कारण सुरक्षा बंदोबस्त बेहद सख्त कर दिए गए थे। इस बीच हालांकि सीओ सिटी व्योम बिन्दल ने स्वयं सुरक्षा की कमान संभाले रखी। अंतिम दिन राजग गठबंधन में भाजपा नेत्री एवं पूर्व विधायक मिथलेश पाल ने रालोद प्रत्याशी के रूप में नामांकन पत्र दाखिल किया। उनके नामांकन दाखिल कराने को जिले के प्रभारी मंत्री डॉ. सोमेन्द्र तोमर, कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार, रालोद युवा विंग के अध्यक्ष सांसद चंदन चौहान, विधायक शामली प्रसन्न चौधरी, भाजपा व रालोद जिलाध्यक्ष डॉ. सुधीर सैनी व संदीप मलिक ने इस बीच गठबंधन की प्रत्याशी मिथलेश पाल का नामांकन पत्र आरओ के समक्ष पेश किया। वहीं सपा प्रत्याशी सुम्बुल राना की ओर से भी नामांकन के तीन सेट फिर से दाखिल किए गए। इसके अलावा शुक्रवार को अंतिम दिन मजदूर किसान यूनियन पार्टी से सुक्रम पाल नई मंडी, नेशनल लोकदल पार्टी से अकरम निवासी गांव सौसबतपुर बिजनौर, पिछड़ा वर्ग समाज पार्टी से शिवकुमार गांव जौहरा, जनशक्ति पार्टी से धन्य जैन खतौली, कम्युनिस्ट पार्टी से रिषी पाल सिंह मेरठ के अलावा पुलकित कृष्णापुरी, संजीव कुमार जयनगर खतौली, सर्वेन्द्र कुमार मोरना, हिमांशु पाल नई मंडी, मानवेन्द्र सिंह गांधी कालोनी, अर्चित जैन खतौली, समन्द जैन सिकरेडा और भागेश्वर प्रसाद खतौली ने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में अपने नामांकन दाखिल करते हुए राजनीतिक समर में एक बार फिर किस्मत आजमाने की रणभेरी फूंक दी है।

...जब नामांकन कक्ष में टूटा कई दौर में प्रोटोकॉल, उठे सवाल

मुजफ्फरनगर। शुक्रवार को नामांकन के दौरान मुजफ्फरनगर में एक अलग नजारा देखने को मिला। एक ओर जहां नामांकन कक्ष के बाहर इस बार आयोग के निर्देश पर बनाए गए वेटिंग रूम में डाले गए सोफो पर ड्यूटी पर तैनात पुलिस के जवानों का कब्जा रहा, वहीं इस बीच नामांकन कक्ष में प्रदेश के 2 मंत्रियों, 1 सांसद व विधायक और रालोद व भाजपा जिलाध्यक्षों के साथ नामांकन भरने पहुंची रालोद प्रत्याशी मिथलेश पाल जब आरओ कक्ष में दाखिल हुई और नामांकन पत्र आरओ एसडीएम जानसठ सुबोध कुमार की ओर बढ़ाया तो वो कुर्सी से उठकर खुद नामांकन पत्र तक पहुंचे और उसे प्राप्त किया। इसके साथ ही नामांकन कक्ष में पांच सदस्यों के पहुंचने की गणना को ड्यूटी पर तैनात अधिकारी नजरअंदाज कर गए, जो कचहरी परिसर में चर्चा के केन्द्र में रहा। शुक्रवार को नामांकन कक्ष के बाहर और अंदरूनी कक्ष की वायरल तस्वीरें उस वक्त चर्चाओं को वास्तविकता के करीब उस वक्त ले जाने में सटीक साबित भी हुई। बता दें, चुनाव आयोग को पूर्व में सपा के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल द्वारा मीरांपुर उप चुनाव के आरओ एसडीएम जानसठ सुबोध कुमार के खिलाफ एक शिकायत करते हुए उन्हें जिले के प्रभारी मंत्री डॉ. सोमेन्द्र तोमर का करीबी रिश्तेदार बताकर हटाने की मांग की गई है।

▶ क्षमता से अधिक लोगों की मौजूदगी व उठना चर्चा में आया

इन्होंने कहा- रिटर्निंग ऑफिसर एसडीएम जानसठ सुबोध कुमार ने बताया कि शुक्रवार को रालोद प्रत्याशी मिथलेश पाल समेत कुल 17 प्रत्याशियों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए हैं। इनमें सपा की सुम्बुल राना पहले भी नामांकन कर चुकी हैं। इस तरह से मीरांपुर सीट पर उपचुनाव के लिए कुल 42 नामांकन आए हैं। उन्होंने बताया कि अब 28 अक्टूबर को नामांकन पत्रों की जांच और 29 व 30 अक्टूबर को नाम वापस लिये जा सकेंगे। उन्होंने बताया कि 30 अक्टूबर को शाम के समय प्रत्याशियों की अंतिम सूची जारी की जायेगी।

ट्रक व टैम्पू की भिड़ंत में महिला समेत दो की मौत

खतौली, 25 अक्टूबर (बु.)। हाईवे स्थित गाँव भैंसी के निकट अनियंत्रित ट्रक से टैम्पो की भीषण टक्कर से एक महिला सवारी सहित दो की मौत हो गयी, जबकि दुघर्टना के उपरान्त चालक ट्रक को मौके पर छोड़कर फरार हो गया। मिली जानकारी के अनुसार मन्सूरपुर से, सवारी लेकर चालक जब हाईवे के गांव भैंसी के निकट पहुंचा, इसी दौरान तेज गति से आये के अनियन्त्रित ट्रक की सवारी से भरे टैम्पू से भिड़न्त हो गयी। दोनों वाहनों में हुई भीषण भिड़न्त में टैम्पू पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त हो गया तथा टैम्पू मे सवार चार सवारी गम्भीर रूप से घायल हो गयी। राहगीरों की सूचना पर मौके पर पहुँची पुलिस ने तत्काल घायलों को अस्पताल भिजवाया, जहां बेगरजपुर मेडिकल पहुंचते ही गम्भीर रूप से घायल पूजा (30 वर्ष) निवासी बेगरजपुर की मौत हो गयी। वहीं टैम्पू में सवार घायल कृष को गम्भीर अवस्था में उपचार हेतु मेरठ ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान कृष निवासी गांव भैंसी की मौत हो गयी। दूसरी ओर दुर्घटना में घायल करण व मोनू की हालत भी चिन्ताजनक बनी हुई है। दुर्घटना के पश्चात चालक ट्रक छोड़कर मौके से फरार हो गया। पुलिस द्वारा शवों को पोस्टमार्टम हेतु भिजवाते हुए ट्रक को कब्जे में लेकर आगामी कार्यवाही प्रारम्भ कर दी गयी। पुलिस की सूचना पर मौके पर पहुंचे मृतकों के परिजनों में कोहराम मच गया।

दुनिया की स्थिरता, भरोसे और पारदर्शिता का मजबूत आधार है भारत : नरेन्द्र मोदी

नयी दिल्ली, 25 अक्टूबर (वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत को दुनिया की स्थिरता, सातत्य, भरोसे और पारदर्शिता का मजबूत आधार बताते हुए जर्मनी के उद्योग जगत का भारतीय प्रतिभा एवं नवान्वेषण को अपनाने और विश्व के बेहतर भविष्य के लिए योगदान सुनिश्चित करने का आ''ान किया। श्री मोदी ने यहां जर्मनी के चांसलर ओलाफ शोल्ज़ और वाइस चांसलर डॉक्टर रॉबर्ट हाबेक की मौजूदगी में एशिया-पैसिफ़िक कांफ्रेंस ऑफ़ जर्मन बिज़नेस को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने हर कदम, हर मोर्चे पर भारत और जर्मनी की दोस्ती के गहरे होने पर खुशी जाहिर करते हुए कहा, ''ये साल, भारत-जर्मनी रणनीतिक साझीदारी का 25वाँ वर्ष है। अब आने वाले 25 वर्ष, इस साझीदारी को नई बुलंदी देने वाले हैं। हमने आने वाले 25 वर्षों में विकसित भारत का एक रोडमैप बनाया है। मुझे खुशी है कि ऐसे महत्वपूर्ण समय में जर्मन कैबिनेट ने फोकस ऑन इंडिया डॉक्यूमेंट रिलीज़ किया है। विश्व की दो सशक्त लोकतंत्र, विश्व की दो शीर्ष अर्थव्यवस्थाएं, साथ मिलकर कैसे विश्व कल्याण की शक्ति बन सकती हैं, फोकस ऑन इंडिया डॉक्यूमेंट में उसका ब्लू प्रिंट है। इसमें रणनीतिक साझीदारी को समग्रता से आगे बढ़ाने की कार्यशैली और प्रतिबद्धता साफ़ दिखती है। खासतौर पर भारत की कुशल श्रमशक्ति पर जर्मनी ने जो भरोसा जताया है, वो अद्भुत है।''श्री मोदी ने कहा, ''जर्मनी ने कुशल भारतीयों के लिए हर वर्ष मिलने वाले वीज़ा की संख्या, 20 हज़ार से बढ़ाकर 90 हज़ार करने का फैसला किया है। मुझे विश्वास है कि इससे जर्मनी की तरक्की को नई गति मिलेगी।'' उन्होंने कहा कि हमारा आपसी व्यापार 30 अरब डॉलर से अधिक के स्तर पर पहुँच चुका है। आज एक तरफ सैकड़ों जर्मन कम्पनियां भारत में हैं, तो वहीं भारतीय कंपनियां भी तेजी से जर्मनी में अपनी उपस्थिति बढ़ा रही हैं। आज भारत विविधता और जोखिम मुक्त सबसे बड़ा केंद्र बनता जा रहा है। भारत वैश्विक कारोबार एवं विनिर्माण का भी हब बन रहा है। ऐसे में आपके लिए मेक इन इंडिया, मेक फॉर द वर्ल्ड का, ये सबसे उपयुक्त समय है। उन्होंने कहा कि यूरोपीय संघ और एशिया प्रशांत क्षेत्र के बीच संबंध मजबूत करने में एशिया प्रशांत सम्मेलन की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। लेकिन वह इस मंच को सिर्फ कारोबार और निवेश के सीमित दायरे में ही नहीं देखते हैं। बल्कि वह इसे हिन्द प्रशांत क्षेत्र और विश्व के बेहतर भविष्य की साझीदारी के रूप में देखते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, ''दुनिया को स्थिरता और सातत्य की ज़रूरत है, भरोसे और पारदर्शिता की ज़रूरत है। चाहे समाज हो या फिर आपूर्ति श्रृंखला, हर मोर्चे पर इन मूल्यों को बल देने की ज़रूरत है। इनके बिना कोई भी देश, कोई भी क्षेत्र, अपने बेहतर भविष्य की कल्पना नहीं कर सकता। हिन्द प्रशांत क्षेत्र तो दुनिया के भविष्य के लिए बहुत ज़रूरी है। वैश्विक वृद्धि हो, जनसंख्या हो या कौशल हो, इस क्षेत्र का योगदान और क्षमता, दोनों बहुत व्यापक है। इसीलिए इस सम्मेलन का महत्व और भी बढ़ जाता है।''उन्होंने कहा कि भारत की जनता, एक स्थिर राजनीतिक प्रणाली और विश्वसनीय नीतियों के इकोसिस्टम को बहुत महत्व देती है। यही वजह है कि 60 साल बाद एक सरकार को लगातार तीसरा कार्यकाल मिला है। भारत की जनता का ये भरोसा, बीते एक दशक में सुधार, प्रदर्शन और बदलाव लाने वाली शासन व्यवस्था के कारण मज़बूत हुआ है। जब देश का सामान्य नागरिक ये सोच रहा है, तब आप जैसे बिजनेस के लिए, आप जैसे निवेशकों के लिए भारत से बेहतर स्थान क्या हो सकता है। श्री मोदी ने कहा कि आज भारत, लोकतंत्र, आबादी, मांग और डेटा, ये चार मज़बूत स्तंभों पर खड़ा है। प्रतिभा, तकनीकी, नवान्वेषण और बुनियादी ढांचा, भारत की प्रगति के औजार हैं। इन सभी को आगे ले जाने वाली एक और बड़ी ताकत आज भारत में है। ये ताकत है- आकांक्षी भारत की। यानि एआई आर्टिफीशियल इंटेलीजेंस और एआई एस्पीरेशनल इंडिया (आकांक्षी भारत) की दोहरी ताकत भारत के पास है। और आकांक्षी भारत को हमारा युवा वर्ग आगे ले जा रहा है। उन्होंने कहा कि बीती सदी में प्रगति को मुख्यतः प्राकृतिक संसाधनों ने गति दी थी। 21वीं सदी को मानव संसाधन एवं मानव नवान्वेषण, गति देने वाले हैं। इसलिए भारत अपने युवाओं के कौशल एवं प्रौद्योगिकी के लोकतंत्रीकरण पर बहुत फोकस कर रहा है। भारत, भविष्य की दुनिया की ज़रूरतों के लिए आज काम कर रहा है। हमारा मिशन मिशन एआई हो, हमारा सेमीकंडक्टर मिशन हो, मिशन क्वांटम हो, मिशन ग्रीन हाइड्रोजन हो, अंतरिक्ष तकनीक से जुड़े मिशन हों।

ई-रिक्शा चालकों ने बड़े वाहनों को पीछे छोड़ा

- भूसे की तरह भर रहे हैं सवारियां, पुलिस मौन

बुढ़ाना, 25 अक्टूबर (बु.)। कस्बे और क्षेत्र में चलने वाले ई-रिक्शाओं के संचालकों ने अब अपने से बड़े वाहनों को पीछे छोड़ दिया है। वह अपने ई-रिक्शा में एक दर्जन से भी अधिक सवारियों को भूसे की तरह भरकर उनकी जिंदगी को खतरे में डाल रहे हैं। आज शुक्रवार के दिन दो सीन ऐसे दिखाई दिए, जिसमें ई-रिक्शा संचालक सवारियों को भूसे की तरह भरे हुए हैं और उनको किसी का भी खौफ नहीं है। एक ई-रिक्शा में तो बुढ़ाना के किसी एक कालेज के आधा दर्जन छात्र पीछे लटककर सफर कर रहे हैं। आरटीओ विभाग भी शायद कुंभकर्णी नींद सोते हुए किसी बड़ी घटना का इंतजार कर रहा है। मिली जानकारी के अनुसार कस्बे और क्षेत्र में आम आदमी के लिए आने जाने का सबसे आसानी से उपलब्ध होने वाला साधन अब ई-रिक्शा है। हर जगह अब ई-रिक्शा चल रहे हैं। इनकी संख्या काफी है। अब यह भी दिख रहा है कि बड़ी संख्या में ई-रिक्शा बगैर नंबर प्लेट के चलाए जा रहे हैं। इन ई-रिक्शाओं पर सवारियां बैठकर सफर कर रही हैं। अगर कोई भी घटना इन ई-रिक्शा से हो जाए, तो यह भी नहीं पता चलेगा कि इनका चालक कौन है। ई-रिक्शा किसके नाम पर है। न ही बगैर नंबर का ई-रिक्शा होने के कारण इनको चलाने वाले पर कार्रवाई की जा सकेगी। क्या संबंधित अधिकारी इस और ध्यान देंगे।

मुजफ्फरनगर मंडी

मुजफ्फरनगर, 25 अक्टूबर, (बु.)। मुजफ्फरनगर मंडी में गुड़-शक्कर के भाव इस प्रकार रहेः- रसकट ढैया 1050-1080, चाकू 1400-1615, लड्डू 1440-1565, खुरपापाड़ 1530-1560, आमद- 6000 मन।

सर्राफा बाजार

मुजफ्फरनगर, 25 अक्टूबर, (बु.)। मुजफ्फरनगर सर्राफा बाजार के भाव इस प्रकार रहेः-

सोना-	80450	चांदी-	97300
सिक्का-	110350	गिन्नी-	60150

आपका आज का राशिफल

शनिवार, 26 अक्टूबर, 2024

मेष- स्वास्थ्य सुधार पर, समस्या के संदर्भ में स्वयं का निर्णय हितकर, बकाए धन की प्राप्ति, स्थान-परिवर्तन की दिशा में कार्यक्रम, धर्म-अध्यात्म के प्रति आस्था।

वृषभ- मानसिक अशांति, कार्यों के प्रति उदासीनता, पारस्परिक मतभेद, जल्दबाजी में लिया गया निर्णय अहितकर, निराशा प्रभावी, मानसिक कष्ट, यात्रा असंतोषजनक।

मिथुन- शुभ भावनाओं का उदय, विशिष्टजनों से सम्पर्क, मौज-मस्ती के निमित्त व्यय, मनोविनोद के सुअवसर प्राप्त, भोग-विलासिता की ओर रुचि, आय के नवीन स्रोत।

कर्क- समय संतोषजनक, साहसिक प्रयास प्रगति पर, व्यक्तिगत जीवन में नवीन उपलब्धि, शिक्षा के क्षेत्र में सफलता, पारस्परिक सम्बन्धों में प्रगाढ़ता, यात्रा सफल।

सिंह- ग्रहस्थिति अनुकूल, पुरुषार्थ के प्रति रुचि, परोपकार की भावना जागृत, घरेलू समस्याएँ सुलझने की ओर, वाहन से सुख, मित्रों से अपेक्षित सहयोग, धन संचय।

कन्या- कार्यों में अड़चनें, साझेदारी के व्यवसाय में हानि, विवाद की आशंका, व्यर्थ के भागदौड़ में समय नष्ट, दाम्पत्य जीवन में कटुता, आरोप-प्रत्यारोप से कष्ट।

तुला- बुद्धि-विवेक से लिया गया निर्णय लाभप्रद, आर्थिक स्थिति में सुधार, सुसंदेश की प्राप्ति, यात्रा का प्रसंग, भौतिक सुख के साधन सुलभ, दाम्पत्य जीवन संतोषजनक।

वृश्चिक- कठिनाइयों का निराकरण, धार्मिक क्रियाकलापों में अभिरुचि, विशिष्टजनों से सम्पर्क, सामाजिक गतिविधियों में रुझान, तनाव में कमी, अधिकारी वर्ग से अनुकूलता।

धनु- शुभ भावनाओं का उदय, सामयिक कार्यों में अनुकूलता, इच्छित लाभ की प्राप्ति, नवयोजना की शुरूआत हेतु नूतन-पुरातन मित्रों से संयोग, परिवार में सुखशांति।

मकर- कार्य-व्यवसाय में असफलता, स्वास्थ्य में अड़चनें, समस्याओं से अशांति, आपसी सम्बन्धों में तनाव, वैवाहिक जीवन में मनमुटाव, द्रव्य की क्षति, व्यर्थ भ्रमण।

कुम्भ- ग्रहस्थिति अनुकूल, कठिनाइयों का निवारण, किसी के माध्यम से व्यक्तिगत जीवन में महत्वपूर्ण उपलब्धि, नवसमाचार की प्राप्ति, स्वविवेक का निर्णय लाभदायक।

मीन- कार्यों में महत्वपूर्ण सफलता, शुभ विचारों के उदय से आत्मिक शांति, संभावित यात्रा संतोषजनक, मनोरंजन की ओर रुचि, सामाजिक कृत्यों की ओर रुझान।

विमल जैन, हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्, एस-2/1-76,ए, वर्धन भवन, द्वितीय तल, आकांक्षा हॉस्पिटल के पास, टैगोर टाऊन एक्सटेंशन (महावीर मंदिर टू यू.पी. कालिज रोड) भोजूबीर, वाराणसी-221002 मोबाइल 9335414722

संस्थापक सम्पादक एवं हमारे प्रेरणास्रोत स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

मुजफ्फरनगर बुलेटिन

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रात:कालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
सम्पादक-अंकुर दुआ
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

सुशांत सिंह राजपूत मामले में रिया चक्रवर्ती को राहत, सुप्रीम कोर्ट ने सीबीआई और सरकार को फटकारा

नई दिल्ली, 25 अक्टूबर (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट ने फिल्म अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की मौत के मामले में फिल्म अभिनेत्री रिया चक्रवर्ती और उनके परिवार को बड़ी राहत देते हुए लुकआउट सर्कुलर को रद्द करने का फैसला बरकरार रखा है। पीठ ने सख्त टिप्पणी करते हुए कहा कि महाराष्ट्र सरकार और सीबीआई बॉम्बे हाईकोर्ट के फैसले को इसलिए चुनौती दे रहे हैं क्योंकि आरोपी जानी-मानी शख्सियत है। सुशांत सिंह राजपूत के परिवार ने पटना में उनकी मौत की जांच की मांग करते हुए एफआईआर दर्ज कराई थी। इसके तुरंत बाद ही इस मामले की जांच सीबीआई को सौंप दी गई थी। दरअसल लुकआउट सर्कुलर जारी होने के चलते रिया चक्रवर्ती और उनके परिजनों को विदेश जाने में समस्या हो रही थी। जिसके चलते रिया चक्रवर्ती ने बॉम्बे हाईकोर्ट में याचिका दायर कर लुकआउट सर्कुलर रद्द करने की मांग की थी। बॉम्बे हाईकोर्ट ने जब सर्कुलर रद्द करने का आदेश दिया तो सीबीआई ने पीठ से अपने फैसले पर चार सप्ताह तक रोक लगाने की अपील की थी, ताकि वे सुप्रीम कोर्ट में फैसले के खिलाफ अपील कर सकें। हालांकि हाईकोर्ट ने सीबीआई की अपील को खारिज कर दिया था।

कोविड की तरह रैपिड किट से होगी मुंह के कैंसर की पहचान

नई दिल्ली, 25 अक्टूबर (एजेंसी)। कोविड की तरह जल्द ही रैपिड किट से मुंह के कैंसर की पहचान हो सकेगी। अनुवाद स्वास्थ्य विज्ञान और प्रौद्योगिकी संस्थान के छात्रों ने रैपिड किट तैयार की है। किट में मौजूद तत्व लार में मौजूद ट्यूमर के अंश से प्रोटीन में होने वाले बदलाव को पकड़ता है। यदि प्रोटीन में किसी भी प्रकार का बदलाव होता है तो किट पर दो रेखा बन जाती है। सामान्य रहने पर एक रेखा ही बनती है। फिलहाल किट का क्लीनिकल ट्रायल चल रहा है।

राहुल गांधी का एनडीए पर हमला, जम्मू-कश्मीर में उनकी नीतियां फेल

नई दिल्ली, 25 अक्टूबर (एजेंसी)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को जम्मू कश्मीर में हुए आतंकी हमले को लेकर एनडीए सरकार पर हमला बोला। राहुल गांधी ने कहा कि एनडीए सरकार की नीतियां सुरक्षा और शांति कायम करने में पूरी तरह फेल हैं। सरकार की इस पर जवाबदेही तय करनी चाहिए। इसके साथ ही सेना के जवानों और नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करनी चाहिए। एक्स पर पोस्ट में लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा कि जम्मू-कश्मीर के गुलमर्ग में सेना के वाहन पर कायरतापूर्ण हमले में हमारे बहादुर सैनिकों की शहादत की खबर बेहद दुखद है। हमले में दो पोर्टर की भी जान चली गई। मैं शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं और शोक संतप्त परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं। उन्होंने कहा कि केंद्र की राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) सरकार की नीतियां जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा और शांति स्थापित करने में पूरी तरह से फेल रही हैं। राहुल गांधी ने कहा कि वास्तविकता यह है कि राज्य लगातार आतंकवादी गतिविधियों और हमारे सैनिकों पर हमलों और नागरिकों की हत्याओं के कारण खतरे में है। उन्होंने कहा कि सरकार को इसकी तुरंत जवाबदेही लेनी चाहिए और घाटी में जल्द से जल्द शांति बहाल करनी चाहिए। इसके साथ ही सेना और नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करनी चाहिए।

सांसदों की बगावत के बावजूद ट्रूडो ने पीएम पद छोड़ने से किया इन्कार

ओटावा, 25 अक्टूबर (एजेंसी)। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने अपनी पार्टी के सांसदों की नाराजगी के बावजूद आगामी चुनाव में लिबरल पार्टी का नेतृत्व करने का फैसला किया है। दरअसल लिबरल पार्टी के कई सांसदों ने मांग की है कि जस्टिन ट्रूडो को आगामी चुनाव से पहले पद छोड़ देना चाहिए और अगला पीएम पद का चुनाव भी नहीं लड़ना चाहिए। जस्टिन ट्रूडो से पत्रकारों ने पूछा था कि क्या वे 28 अक्तूबर के बाद भी पीएम पद पर बने रहेंगे? इस पर ट्रूडो ने साफ तौर पर कहा- हां। दरअसल लिबरल पार्टी के सांसदों ने पीएम पद छोड़ने पर फैसला करने के लिए जस्टिन ट्रूडो को 28 अक्तूबर तक का समय दिया है। गौरतलब है कि हालिया दो जिलों के चुनाव में भी लिबरल पार्टी को हार का सामना करना पड़ा था, जिसके बाद पार्टी के भीतर ही ट्रूडो के नेतृत्व के खिलाफ आवाजें बुलंद होना शुरू हो गई थी। हाल ही में कनाडा की सत्ताधारी लिबरल पार्टी के दो दर्जन से ज्यादा सांसदों ने एक पत्र लिखकर जस्टिन ट्रूडो से पद छोड़ने की मांग की थी। इसकी वजह पार्टी की गिरती लोकप्रियता को बताया गया था।

दिल्ली के बर्गर किंग में मर्डर की आरोपी लेडी डॉन अन्नू धनखड़ गिरफ्तार

नई दिल्ली, 25 अक्टूबर (एजेंसी)। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने विदेश में बैठे गैंगस्टर हिमांशु उर्फ भाऊ गैंग की दोस्त व दिल्ली के राजौरी गार्डन इलाके में स्थित बर्गर किंग रेस्तरां में हत्या की वारदात की आरोपी रोहतक, हरियाणा निवासी अन्नू धनखड़ (19) को गिरफ्तार किया है। उसे भारत-नेपाल बॉर्डर पर स्थित लखीमपुरी, यूपी से पकड़ा गया है। वह हत्या के बाद से ही फरार थी। उसे 23 सितंबर को भगोड़ा अपराधी घोषित किया गया। उसे आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए दिल्ली लाया जा रहा है। स्पेशल सेल के पुलिस उपायुक्त अमित कौशिक के अनुसार, नजफगढ़ रोड, राजौरी गार्डन, दिल्ली स्थित बर्गर किंग में 18 जून, 24 को तीन युवक बाइक पर सवार होकर आए थे। एक आरोपी बाइक पर बाहर खड़ा रहा और दो बर्गर किंग के अंदर गए। इन्होंने वहां बैठे गांव चोची, झज्जर, हरियाणा (प्रतिद्वंद्वी गिरोह) निवासी अमन पर करीब से लगभग 20-25 राउंड गोलियां चलाईं। अमन की मौके पर ही मौत हो गई। बाद में, हिमांशु भाऊ गैंग ने इस वारदात की जिम्मेदारी ली थी।

एसएमएस, ई-मेल के साथ अब व्हाट्सएप से भी भेजा जाएगा ट्रैफिक चालान

नई दिल्ली, 25 अक्टूबर (एजेंसी)। राष्ट्रीय राजधानी में रोजाना औसतन 1000 से 1500 के करीब ट्रैफिक चालान होते हैं। इसमें ज्यादातर ई-चालान जारी की जाती है। इसकी सूचना संबंधित वाहन के मालिक को एसएमएस और ई-मेल जरिये दी जाती है। अब वाहन मालिको को उसके व्हाट्सएप पर भी चालान की जानकारी दी जाएगी। दिल्ली सरकार के परिवहन विभाग ने इसके लिए तैयारियां शुरू कर दी है। विभाग की ओर से इस काम को करने के लिए निजी कंपनी को सौंपा जाएगा। इसके लिए बीते दिनों टेंडर भी जारी कर दिया गया है।

मेक्सिको में गिरोह संघर्ष में 16 की मौत

मेक्सिको सिटी, 25 अक्टूबर (वार्ता)। मेक्सिको के दक्षिणी राज्य गुएरेरो में गुरुवार को एक गिरोह के बीच हुई झड़प में सोलह लोग मारे गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। सोशल मीडिया पर साझा किए गए निवासियों के पोस्ट के अनुसार, स्थानीय समयानुसार सुबह 4:00 बजे हथियारबंद लोगों का एक समूह कई वाहनों के साथ टेकपैन डी गैलियाना नगर पालिका में घुस गया और शहर पर नियंत्रण करने और टकराव शुरू करने का प्रयास किया। मेक्सिको के रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि बाद में स्थानीय पुलिस हमले में फंस गई और दो अधिकारी मारे गए और चार अन्य घायल हो गए। संभवतः अपराध समूहों के चौदह सदस्य मारे गए और 11 अन्य को गिरफ्तार कर लिया गया।

साइबर सैल ने कराए 47 हजार रुपए वापस

मुजफ्फरनगर, 25 अक्टूबर (बु.)। साइबर सैल ने एक व्यक्ति के बैंक खाते से उड़ाए गए 47 हजार रुपए वापस करा दिए। थाना प्रभारी उमेश रोरिया ने बताया कि शुक्रवार को गांव सोंटा निवासी अर्जुन राठी ने साइबर ठग ने लालच देकर उसके बैंक खाते से 47 हजार रुपए निकाल लिए। पीड़ित ने मामले की शिकायत साइबर हेल्प डेस्क पर की थी। कार्रवाई करते हुए साइबर सेल ने उसके 47 हजार रुपए वापस करा दिए है।

गैंगेस्टर को तीन और नशे के तस्करों को दो-दो साल की सजा

मुजफ्फरनगर, 25 अक्टूबर (बु.)। स्पेशल गैंगस्टर कोर्ट-5 ने थाना खतौली पर पंजीकृत मामले में गैंगस्टर एक्ट के आरोपी को 3 वर्ष के कारावास व 5 हजार रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। दण्डित किए गए आरोपी का नाम अरसान पुत्र चांद खां निवासी नूरनगर थाना लिसाड़ी गेट, जनपद मेरठ बताया गया है। एक अन्य मामले में स्पेशल एनडीपीएस कोर्ट- 7 द्वारा थाना जानसठ पर पंजीकृत एनडीपीएस एक्ट के मामले में दो आरोपियों को 2-2 वर्ष के कारावास व 12 हजार रुपए के अर्थदण्ड से (प्रत्येक को) दण्डित किया गया। दण्डित किए गए आरोपी अमरजीत सिंह पुत्र कुन्दन सिंह व स्वर्ण सिंह पुत्र मोहर सिंह निवासी वार्ड नं0- 15 कस्बा व थाना पावड़ा, पटियाला, पंजाब हैं।

भारत-जर्मनी के बीच आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और सेमीकंडक्टर क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर सहमति

नयी दिल्ली 25 अक्टूबर (वार्ता)। भारत और जर्मनी ने भारतीय प्रतिभाओं की अधिक भागीदारी के साथ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, सेमीकंडक्टर और स्वच्छ ऊर्जा जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर शुक्रवार को एक अहम सहमति कायम की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और जर्मनी के चांसलर ओलोफ शोल्ज़ के बीच यहां अंतर सरकारी परामर्श (आईसीजी) की बैठक में यह सहमति कायम हुई। बैठक में प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में भारत एवं जर्मनी के संबंधों के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि 2022 में, बर्लिन में हुई पिछली आई.जी.सी के दौरान द्विपक्षीय सहयोग के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लिए गये थे। दो सालों में दोनों देशों के रणनीतिक साझीदारी के विभिन्न क्षेत्रों में उत्साहजनक प्रगति हुई है। रक्षा, प्रौद्योगिकी, ऊर्जा, पर्यावरण अनुकूल विकास जैसे क्षेत्रों में बढ़ता सहयोग आपसी विश्वास का प्रतीक बना है। श्री मोदी ने कहा कि आज विश्व, तनाव, संघर्षों और अनिश्चितता के दौर से गुज़र रहा है। हिन्द प्रशांत क्षेत्र में कानून आधारित शासन और नौवहन की स्वतंत्रता को लेकर भी गंभीर चिताएं हैं। ऐसे समय में, भारत और जर्मनी की रणनीतिक साझीदारी एक मज़बूत एंकर के रूप में उभरी है। ये एक केवल लेन-देन वाला रिश्ता नहीं है। यह दो समर्थ और सशक्त लोकतंत्रों की क्रांतिकारी साझीदारी है। एक ऐसी साझीदारी, जो वैश्विक जगत और मानवता के स्थिर, सुरक्षित एवं टिकाऊ भविष्य के निर्माण में योगदान दे रही है। उन्होंने कहा, ''इस संबंध में, पिछले हफ्ते जर्मनी ने जो फोकस ऑन इंडिया स्ट्रैटिजी जारी की है, उसका स्वागत है। मुझे ×खुशी है कि अपनी साझीदारी को विस्तार एवं ऊंचाई देने के लिए, हम कई नये और महत्वपूर्ण कदम उठा रहे हैं। हमारी कार्यशैली समग्र सरकार की जगह समग्र राष्ट्र की ओर बढ़ रही है। दोनों देशों के उद्योग, नवान्वेषक और युवा प्रतिभाओं को जोड़ रहे हैं। टेक्नोलॉजी का लोकतंत्रीकरण हमारी साझा प्रतिबद्धता है। आज रोडमैप ऑन इनोवेशन एंड टेक्नोलॉजी जारी किया जा रहा है। इससे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, सेमीकंडक्टर और स्वच्छ ऊर्जा जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में हमारा सहयोग और सुदृढ़ बनेगा।''श्री मोदी ने कहा कि अभी हमने जर्मन बिज़नेस की एशिया पैसिफिक कांफ्रेंस में भाग लिया। कुछ देर में हम सीईओ फोरम में भी भाग लेंगे। इससे हमारे सहयोग को बल मिलेगा। हमारी अर्थव्यवस्थाओं को विविधतापूर्ण बनाने और जोखिम मुक्त बनाने के प्रयासों में भी गति आएगी तथा सुरक्षित, विश्वसनीय और भरोसेमंद आपूर्ति श्रृंखला खड़ी करने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा, ''जलवायु के विषय में हमारी प्रतिबद्धता के अनुरूप हमने वैश्विक स्तर पर नवीकरणीय ऊर्जा में निवेश के लिए प्लेटफॉर्म बनाया है और आज ग्रीन हाइड्रजन रोडमैप भी जारी किया है।

28-29 अक्तूबर तक बार्डर से पीछे हटेंगी दोनों देशों की सेनाएं

नई दिल्ली, 25 अक्टूबर (एजेंसी)। भारतीय सेना के सूत्रों के अनुसार, भारतीय सेना और चीनी सेना इस महीने की 28-29 अक्तूबर तक पूरी तरह से पीछे हट जाएंगी। चीन के साथ समझौते पर सेना के सूत्रों ने बताया कि पहले कूटनीतिक स्तर पर समझौते की रूपरेखा पर सहमति बनी, फिर सैन्य स्तर पर बातचीत हुई। बता दें कि गलवां में संघर्ष के बाद से हालात बिगड़े थे। मामले में रक्षा अधिकारियों ने बताया कि पूर्वी लद्दाख सेक्टर में डेमचोक और देपसांग मैदानों में दो टकराव बिंदुओं पर भारत और चीन के सैनिकों की वापसी शुरू हो गई है। उन्होंने बताया कि दोनों पक्षों के बीच हुए समझौतों के अनुसार, भारतीय सैनिकों ने संबंधित क्षेत्रों में पीछे के स्थानों पर अपने सामानों को वापस लाना शुरू कर दिया है। इससे पहले 21 अक्तूबर को, भारत ने घोषणा की कि उसने पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर गश्त करने के लिए चीन के साथ समझौता किया है, जिससे चार साल से अधिक समय से चल रहा सैन्य गतिरोध समाप्त हो गया है।

हवाई जहाज के टिकट में फर्जीवाड़े का लगाया आरोप

भोपा, 25 अक्टूबर (बु.)। थाने में तहरीर देते हुए शाहनजर निवासी पुरकाजी ने आरोप लगाते हुए बताया कि 4 जून 2024 को भोपा से हवाई जहाज का सऊदी जाने के लिए टिकट कराया था, जिसमें टिकट के साथ साथ सम्मान का भी टिकट कराया था। समय तारीख पर जब शाहनजर दिल्ली एयरपोर्ट पहुंचा, तो हवाई जहाज कर्मचारियों ने बताया कि आपका टिकट में सामान साथ में ले जाने का टिकट नहीं है, अगर आपको अपना सामान लेके जाना है, तो आपको अलग से पैसे देने होंगे, तो मैंने अलग से पैसे देकर अपने सामान के साथ सऊदी गया। अब वापस आकर मैने भोपा निवासी जिस से टिकट कराया था, तो वहां पहुंचा मैने अपने पैसे वापस मांगे, तो मेरे साथ गाली-गलौच व मारपीट पर उतारू हो गया। थाने में तहरीर देते हुए कार्यवाही की मांग की है।

दुकान पर सौ-सौ के नोटों की गड्डियां छोड़ गया कोई शख्स, पुलिस जांच में खुला राज

बरेली, 25 अक्टूबर (एजेंसी)। बरेली के कैंट क्षेत्र के ठिरिया निजावत खां में कबाब की दुकान पर पॉलिथीन में बंधीं नकली नोटों की चार गड्डियां मिलीं। उनमें सौ-सौ के चार सौ नकली नोट निकले। पुलिस ने नकली नोटों को सील कर अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। शुरूआत में संदेह के आधार पर दुकानदार समेत दो लोगों को पकड़ा गया था, आरोप साबित न होने पर उन्हें छोड़ दिया गया। ठिरिया निजावत खां निवासी याकूब कुरैशी ने बताया कि गांव में कबाब की दुकान पर कई लोग बैठे थे। वहां उनके बेटे बिलाल और मुस्तफा को काली पन्नी पड़ी मिली। पन्नी खोलकर देखा तो उसमें 100-100 के नोटों की चार गड्डियां थीं। नोट देखने में ही नकली लग रहे थे। याकूब ने कस्बे के चेयरमैन इमरान को सूचना दी। चेयरमैन की सूचना पर दरोगा मोहित चौधरी मौके पर पहुंच गए। पुलिस टीम ने नकली नोटों को सील कर मौके से दो लोगों को हिरासत में ले लिया। उनसे लंबी पूछताछ की गई, लेकिन नतीजा नहीं निकला। तब अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया। नोटों का कागज काफी मोटा है। नकली नोटों की नीली पट्टी पर कुछ लिखा नहीं है,जबकि असली नोटों की पट्टी पर आरबीआई लिखा होता है। अधिकतर नोटों के नंबर एक जैसे थे। आशंका जताई जा रही है कि चालीस हजार रुपये के सौ के नोट घर में ही प्रिंटर व स्कैनर से तैयार किए गए हैं। सूत्रों के मुताबिक कार्रवाई की नींव चार दिन पहले पड़ी, जब एक सुरक्षा एजेंसी के कर्मचारियों ने गुडवर्क का दावा करते हुए ये नोट बरामद दिखाए थे। एजेंसी के ही कर्मी अपने सूत्रों के दम पर दो लोगों को पकड़कर थाने लाए थे। चूंकि ठिरिया निजावत खां के कई लोग खाड़ी देशों में नौकरी करते हैं। सीओ सिटी प्रथम पंकज श्रीवास्तव ने बताया कि इस मामले में संदिग्ध लोगों की भूमिका की जांच की जाएगी। नोटों की क्वालिटी देखकर नहीं लगता कि उन्हें बाहर से मंगाया गया होगा। स्थानीय स्तर पर सक्रिय आरोपियों का पता लगाकर कार्रवाई की जाएगी।

बेहतरीन कनेक्टिविटी और सुदृढ़ कानून व्यवस्था से आ रहा निवेशः योगी

लखनऊ 25 अक्टूबर (वार्ता)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश में बेहतरीन कनेक्टिविटी और शानदार कानून व्यवस्था से बड़े पैमाने पर निवेश आ रहा है। उन्होंने कहा कि कभी महाराजगंज के लोगों को लखनऊ तक जाने में 10 घंटे से अधिक का समय लगता था। जबकि आज शानदार सड़क कनेक्टिविटी के चलते महाराजगंज से लखनऊ की दूरी 5 घंटे में पूरी हो जाती है। महाराजगंज के चौक बाजार में शुक्रवार को 940 करोड़ रुपये की 505 विकास परियोजनाओं के लोकार्पण और शिलान्यास के अवसर पर केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी ने कहा कि 2014 के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में देश में आए बदलाव तथा 2017 के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में आए बदलाव को सभी लोग जानते हैं। आज उत्तर प्रदेश और महराजगंज जिले की स्थिति सुदृढ़ करने का सारा श्रेय योगी को ही है। उन्होंने कहा '' योगी जी ने पूरे देश में उत्तर प्रदेश की सशक्त पहचान कायम की है। उन्होंने गुंडों-माफिया प

1973-2024

सम्पादक की क़लम से

सपा कांग्रेस और गठबंधन

उपचुनाव की मात्र नौ सीटों को लेकर सपा और कांग्रेस की सियासत साफ हो रही है और वो यह है कि गठबंधन की गांठ ढीली पड़ रही है। कांग्रेस ने माँगा, सपा ने आनाकानी की, इस व्यवहार में दोनों के बीच की लय का पता चल गया। उत्तर प्रदेश में 9 सीटों के लिए होने जा रहे उपचुनाव में जो चर्चाएं चल रही हैं। नेताओं के बयान आ रहे हैं, उनसे यह लग रहा है कि यह उपचुनाव, उपचुनाव न होकर मुख्य चुनाव ही हों। सपा और भाजपा के जोरदार मुकाबले की चर्चाओं के बीच इस बात पर भी बहस हो रही है कि क्या कांग्रेस ने इन उपचुनाव में हथियार डाल दिए हैं? इस बहस के पीछे वजह साफ है कि सभी 9 सीटों पर सपा चुनाव लड़ रही है और कांग्रेस ने उपचुनाव नहीं लड़ने का फैसला किया है। लोकसभा चुनाव के नतीजों के बाद उत्तर प्रदेश में कांग्रेस के कार्यकर्ताओं में ऊर्जा का संचार हुआ था। उन्हें उम्मीद थी कि उपचुनाव में भी पार्टी गठबंधन के तहत कुछ सीटों पर चुनाव लड़ेगी और जीत भी दर्ज करेगी, लेकिन पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने समाजवादी पार्टी के साथ बातचीत के बाद चुनाव में नहीं उतरने का फैसला किया। इस फैसले के बाद उत्तर प्रदेश में कांग्रेस के कार्यकर्ताओं में नाराजगी देखी जा रही है। कार्यकर्ताओं का कहना है कि यह एक आत्मघाती कदम है। उत्तर प्रदेश में उपचुनाव वाली 9 सीटों को लेकर सपा और कांग्रेस के बीच लम्बे समय तक बातचीत चली और अंत में यह खबर सामने आई कि सपा कांग्रेस को दो सीटें-खैर और गाजियाबाद देना चाहती है, लेकिन कांग्रेस इन सीटों से चुनाव लड़ने के लिए तैयार नहीं थी और अंत में कांग्रेस की ओर से किसी भी सीट पर चुनाव नहीं लड़ने का फैसला ले लिया गया। कांग्रेस गाजियाबाद और खैर की सीटों पर चुनाव लड़ने के लिए इसलिए तैयार नहीं थी, क्योंकि इन सीटों पर बीजेपी काफी मजबूत है और यहां पर चुनावी हालात उसके लिए अनुकूल नहीं थे। एक कांग्रेसी नेता ने बताया कि 2022 के विधानसभा चुनाव में हमें खैर में 1500, गाजियाबाद में 11 हजार वोट मिले थे और सपा के समर्थन से हम इन सीटों पर 60 हजार से ज्यादा वोट ला सकते थे और इससे कम से कम पार्टी के कार्यकर्ताओं के बीच यह संदेश जाता कि हम चुनावी लड़ाई में हैं। कांग्रेस ने कहा है कि उसने यह फैसला इंडिया गठबंधन को मजबूत करने के मकसद से लिया है, लेकिन राज्य के अंदर इस फैसले को लेकर पार्टी के कार्यकर्ताओं की निराशा साफ पता चलती है। कांग्रेस के नेता कह रहे हैं कि इंडिया गठबंधन एकजुट होकर चुनाव लड़ रहा है और पार्टी का हर समर्पित कार्यकर्ता गठबंधन के उम्मीदवारों को जिताने के लिए काम करेगा, उत्तर प्रदेश में पार्टी के कई नेता इन 9 में से कम से कम 4 से 5 सीटों पर चुनाव लड़ना चाहते थे। 2022 के विधानसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश में कांग्रेस का प्रदर्शन बेहद खराब रहा था। तब पार्टी अकेले ही चुनाव मैदान में उतरी थी और उसे सिर्फ दो सीटों पर जीत मिली थी। ऐसा तब हुआ था, जब प्रियंका गांधी वाड्रा ने खुद पार्टी के चुनाव प्रचार की कमान संभाली थी। कांग्रेस की सोच का सारा गणित हरियाणा विधानसभा चुनाव में हार के बाद बिगड़ गया, उसके बाद कांग्रेस एकदम डिफेंसिव मोड में आ गई है। हरियाणा में कांग्रेस के प्रदेश और राष्ट्रीय नेतृत्व को पूरी उम्मीद थी कि पार्टी वहां सरकार बनाएगी, लेकिन यहां पर सभी राजनीतिक विश्लेषकों के अनुमान, एग्जिट पोल फेल हो गए और बीजेपी ने सरकार बना ली। हरियाणा में हार के बाद उत्तर प्रदेश में पार्टी के कई नेताओं का कहना है कि कांग्रेस नेतृत्व एक और हार का जोखिम नहीं उठाना चाहता था और वह यह भी नहीं चाहता था कि उस पर गठबंधन को तोड़ने वाली पार्टी का कोई आरोप लगे। लखनऊ में अखिलेश यादव की एक बड़ी सी होर्डिंग कार्यकर्ताओं ने पार्टी के मुख्य कार्यालय पर लगवाई है। इसमें अखिलेश की तस्वीर के साथ लिखा गया है, 27 के सत्ताधीश। इसके बाद निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय निषाद की बड़ी सी फोटो लगाकर उनकी पार्टी के पदाधिकारियों ने होर्डिंग्स लगाई है। इसमें संजय निषाद को 27 का खेवनहार बताया गया है। इन दोनों पार्टियों में पोस्टरवार शुरू हो गया है। उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने निषाद पार्टी को एक भी सीट नहीं दी है,जबकि, निषाद पार्टी की तरफ से दो सीटों की लगातार डिमांड की जा रही थी। सीटें न मिलने से मंत्री डॉक्टर संजय निषाद काफी खफा भी हुए लेकिन, अब वे मान गए हैं और कह रहे हैं, हमें सीट से नहीं जीत से मतलब है। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक के साथ संजय निषाद ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। कहा कि हम भारतीय जनता पार्टी के सभी प्रत्याशियों को जिताने में पूरा सहयोग करेंगे। गठबंधन में यह सब चलता रहता है। कभी सीटें ज्यादा मिलती हैं तो कभी नहीं मिल पाती हैं, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि हम गठबंधन का साथ छोड़ देंगे। हम पूरी तरह से चुनाव जीतने की कोशिश करेंगे। भारतीय जनता पार्टी ने हमेशा ही निषाद पार्टी का साथ दिया है। हमारा गठबंधन बहुत मजबूत है। हम विधानसभा चुनाव मिलकर लड़े, लोकसभा चुनाव लड़ा और अब उपचुनाव में परिस्थितिवश अगर सीट नहीं मिल पाई, तो इसमें कोई दिक्कत नहीं है, हमने ही मंत्र दिया था कि सीट से मतलब नहीं जीत से मतलब है। अब हमारे ही मंत्र को उठाकर विपक्ष भी ट्वीट कर रहा है। हमारे लिए यही उपलब्धि है कि हमारा मंत्र विपक्ष ट्वीट कर रहा है। भाजपा के सहयोगी दलों का कहना है कि उपचुनाव की सभी नौ की नौ सीटें हम लोग मिलकर जीतेंगे। निषाद पार्टी, सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी और अपना दल के सभी नेता और कार्यकर्ता भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशियों को जिताएंगे। राष्ट्रीय लोक दल पार्टी के प्रत्याशी को जिताने के लिए सभी सहयोगी दल जुटेंगे। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने समाजवादी पार्टी और कांग्रेस पर निशाना साधा। कहा कि वह हमारे गठबंधन पर सवाल न खड़ा करें। अपनी तरफ ध्यान दें, कांग्रेस को तो समाजवादी पार्टी ने एक भी सीट नहीं दी है, समाजवादी पार्टी कभी निषाद समाज की हितैषी रही नहीं है। सपा सरकार के कार्यकाल में निषादों पर अत्याचार होता था, निषाद समाज कभी यह भूलेगा नहीं। हमेशा ही से निषाद समाज भारतीय जनता पार्टी के साथ रहा है और रहेगा। ब्रजेश पाठक ने कहा कि हमारी सरकार लगातार विकास के काम कर रही है। पहले 20,000 से 22,000 मेगावाट ही में मशीनरी हांफ जाती थी, लेकिन अब 30,000 मेगावाट से ज्यादा हम बिजली आराम से दे रहे हैं। लोगों को बिजली मिल रही है। सरकार की तमाम योजनाओं का लाभ मिल रहा है, निश्चित तौर पर जनता हमारे साथ है।

चार तीर

सुनील उत्सव

"रेट" "कम" "छूट" "झूट"

रेट को थोड़ा बढ़ा कर बस जरा सा कम करो,
छूट से खुश हो कोई तो छूट से खुश कीजिये।
सच बता कर जहर रिश्तों मे भला क्यों घोलना,
झूट से खुश हो कोई तो झूट से खुश कीजिये।

रस्म पगड़ी

अत्यंत दुख के साथ सूचित कर रहे है कि हमारे पूजनीय पिताजी
श्री विश्वनाथ गुलाटी जी
का स्वर्गवास गुरूवार, 24 अक्टूबर 2024 को हो गया है। जिनकी
श्रद्धांजलि सभा एवं रस्म पगड़ी
शनिवार, 26 अक्टूबर 2024 को
दोपहर 2 बजे होगी अतः आप सब से निवेदन है की आप उक्त तिथि को दोपहर 12:00 बजे प्रशाद ग्रहण कर हमें कृतार्थ करे।
स्थान : जैन औषधालय प्रेमपुरी
-: शोकाकुल:-
श्री नवीन गुलाटी (पुत्र), मीनाक्षी गुलाटी (पुत्रवधु), शुभ (पौत्र), श्रद्धा (पौत्री)
नवीन अरोड़ा (दामाद), आरती अरोड़ा (पुत्री), यशिका (धेवती),
भूमिका (धेवती) एवं समस्त गुलाटी परिवार
(मो. 8218164196, 7617711035)

सैफई परिवार के दामाद अनुजेश यादव ने भाजपा से किया नामांकन

मैनपुरी, 25 अक्टूबर (एजेंसी)। मैनपुरी की करहल विधानसभा के उपचुनाव के लिए नामांकन के अंतिम दिन सैफई परिवार के दामाद और अखिलेश के बहनोई अनुजेश यादव ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर भाजपा से नामांकन किया। उनके नामांकन में तीन मंत्री सहित पूर्व विधायक मां उर्मिला यादव और भाजपा के विधायक व नेता मौजूद रहे। भाजपा नेताओं ने अनुजेश की जीत का भरोसा दिया। मैनपुरी की करहल विधानसभा से उपचुनाव का मुकाबला कड़ा होने जा रहा है। बराबरी की टक्कर इसलिए भी मानी जा रही है, क्योंकि मुलायम सिंह यादव के पौत्र तेज प्रताप यादव के सामने उनके फूफा अनुजेश यादव भाजपा से चुनाव मैदान में हैं। शुक्रवार को अनुजेश यादव पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह, समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण, मंत्री अजीत पाल, भोगांव विधायक रामनरेश अग्निहोत्री, क्षेत्रीय अध्यक्ष दुर्विजय शाक्य, प्रदेश उपाध्यक्ष ब्रज बहादुर सिंह और अपनी मां पूर्व विधायक उर्मिला यादव के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचे। यहां उन्होंने दो सेटों में अपना नामांकन किया। नामांकन के दौरान जिलाध्यक्ष राहुल चतुर्वेदी, पैक्सफेड मंत्री प्रेम सिंह शाक्य, पूर्व विधायक अशोक चौहान, पूर्व जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंह चौहान, जिला प्रभारी अनिल चौधरी आदि मौजूद रहे।

सात दिवसीय टेनिस टूर्नामेंट का पुरस्कार वितरण संग समापन

- टूर्नामेंट में 65 वर्षीय राकेश कोहली बने चैंपियन -

मुजफ्फरनगर, 25 अक्टूबर (बु.)। नगर के प्रकाश चौक पर स्थित सर्विसेज क्लब ग्रास कोर्ट पर 10वें सुरेंद्र प्रकाश मैमोरियल अंतर्राष्ट्रीय मास्टर्स-400 पाइंट टेनिस टूर्नामेंट में खिलाड़ियों ने जोशीले अंदाज में मैदान में पसीना बहाने के साथ दिखाई प्रतिभा के बीच शुक्रवार को पुरस्कार वितरण के साथ संपन्न हो गया। इस बीच टूर्नामेंट के डायरेक्टर अमित प्रकाश व सचिव विजय वर्मा समेत अन्य पदाधिकारियों की मौजूदगी में संपन्न टूर्नामेंट में देश-विदेश के खिलाड़ी ने नए आयाम तक पहुंचाने की दिशा में बेहतर प्रदर्शन किया। सर्विसेज क्लब मैदान के ग्रास कोर्ट में 10वां अंतर्राष्ट्रीय टेनिस टूर्नामेंट में आए देश-विदेश के खिलाड़ियों के बेहतर प्रदर्शन की सराहना करते हुए टूर्नामेंट सचिव विजय वर्मा ने बताया कि ग्रास कोर्ट में सात दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय टेनिस टूर्नामेंट का शुक्रवार को विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरण के साथ समापन हो गया। इस दौरान विभिन्न प्रदेशों से पहुंचे खिलाड़ियों ने टेनिस टूर्नामेंट की व्यवस्थाओं को सराहा। टूर्नामेंट में अंत तक डटे रहे 65 वर्षीय राकेश कोहली टूर्नामेंट चैंपियन रहे। उन्होंने बताया कि 60 वर्ष आयु में नागराज ने चंद्रभूषण को 6-1 व 6-4 से हराकर जीत दर्ज की। वहीं 70 वर्ष आयु में एजीएस चटवाल ने दिलीप शिवपुरी को 6-2 व 6-1 से हरा दिया। 65 वर्ष आयु में आशीष सेन ने सुरेश को 6-1 व 6-1 से हराकर अपने सिंगल के फाइनल मैच जीत लिए। वहीं डबल्स कैटेगरी में 35 वर्ष आयु में जितिन विश्नोई व हाफिज बेग ने पार्थ को 3-6, 6-4 व 10-4 से हराकर मैच जीत लिया। 65 वर्ष आयु में राकेश कोहली व आशीष सेन ने सुनील व अशोक रे को 7-6 व 6-4 से हराकर जीत दर्ज की। 70 वर्ष आयु में एजेएस चटवाल व का एसजेएस रंधावा की जोड़ी ने दिलीप शिवपुरी व जॉर्ज की टीम को 6-3, 6-2 से हराया, वहीं 60 वर्ष आयु में नागराज व जरुमा अग्रवाल ने राजन बेरी, चंद्र भूषण को 6-4 व 6-4 से हराकर अपने-अपने फाइनल जीते। इसमें सबसे ज्यादा ट्राफी राकेश कोहली के नाम रही, जिन्होंने अंत तक मैचों में अपनी प्रतिभा का शानदर जीत दर्ज की। इस अवसर पर पीएनबी बैंक के मैनेजर आशु गुप्ता, इंडसइंत बैंक से नरेन्द्र चौधरी, जेएस तोमर, डॉ. सुनील चौधरी, मांगेराम आदि ने विजेता खिलाड़ियों ने ट्राफी देकर पुरस्कृत किया।

डीटीडीसी ने बदला अपना स्वरूप

- अब नए लुक के साथ सर्विस देगी डीटीडीसी कोरियर

मुजफ्फरनगर, 25 अक्टूबर (बुस.)। मुजफ्फरनगर पहुंचे डीटीडीसी कोरियर कंपनी के सीएमडी सुभाशीष चक्रवर्ती ने नये मोनोग्राम का लोकार्पण किया। इस दौरान उन्होंने रजवाहा रोड नियर जानसठ बस स्टैंड मुजफ्फरनगर स्थित डीटीडीसी कोरियर सर्विस के ऑफिस पर पहुंचे, जहां कम्पनी के आउटलेट ऑनर रणसिंह चौहान ने अपने सीएमडी का फूल माला पहनाकर स्वागत किया। सीएमडी सुभाशीष चक्रवर्ती ने बताया कि देशभर में कोरियर सर्विस से अपार उपलब्धियां मिली है, जिसकी उन्होंने विस्तार से जानकारी भी साझा की। उन्होंने डीटीडीसी कोरियर सर्विस को मुजफ्फरनगर जिले में रणसिंह चौहान ने जिस तरह मजबूती दी गई है, वो काबिले तारीफ है, क्योंकि रणसिंह चौहान ने एक मजबूत टीम के साथ कंपनी को जनपद में एक नए आयाम तक पहुंचाया है। गुरूवार को आयोजित कार्यक्रम में सीएमडी सुभाशीष चक्रवर्ती ने डीटीडीसी कोरियर सर्विस के नये लुक और मोनोग्राम का शुभारम्भ कर सभी के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

गणपति खाटू श्याम मंदिर में 31 अक्टूबर को दिवाली पूजन

मुजफ्फरनगर, 25 अक्टूबर (बु.)। श्री गणपति खाटू श्याम धाम में दीपावली पर भव्य आयोजन के साथ विशेष सज्जा की जाएगी। मंदिर में 31 अक्टूबर को दीपपर्व मनाने के साथ पूजा की जाएगी। भरतिया कॉलोनी स्थित श्री गणपति खाटू श्याम धाम में 31 अक्टूबर को दीपोत्सव मनाया जाएगा। मंदिर के संरक्षक भीम कंसल ने बताया कि इस दिन अपराह्न साढ़े चार बजे दिवाली पूजन होगा। इसके साथ ही रंग बिरंगी ाालरों, पुष्प और दीपों से मंदिर की विशेष सज्जा की जाएगी। मंदिर में दो नवंबर को अन्नकूट का आयोजन होगा। इसकी तैयारी के लिए आयोजित बैठक में मंदिर संरक्षक भीम कंसल के अलावा समिति के प्रधान अशोक गर्ग, मंत्री अनिल गोयल,चचा जेपी, रजत राठी, विनोद राठी, अमरीश सिंघल, विनोद रानो, विकास कन्नू तथा अन्य लोग उपस्थित रहे।

40 लाख रुपयों के लेन-देन को लेकर हुई थी मुरसलीन की हत्या

बुढ़ाना, 25 अक्टूबर (बु.)। कोतवाली क्षेत्र के गांव जौला निवासी एक कारोबारी व बुढ़ाना कोतवाली के हिस्ट्रीशीटर मुरसलीन अली की बीते बृहस्पतिवार के दिन जनपद मेरठ के सरुरपुर थाना क्षेत्र के एक गांव के जंगलों मे गोली लगी लाश मिली थी। मृतक मुरसलीन अली के परिवार का खुला आरोप है कि 40 लाख रुपयों के लेन-देन के विवाद में गांव जौला के ही आशू अली, मुजम्मिल अली और हारून अहमद ने मुरसलीन अली की सिर में गोली मारकर हत्या की है। उधर मेरठ पुलिस ने उक्त तीनों आरोपियों में से दो आरोपियों को मुखबिर की सटीक सूचना के आधार पर किसी स्थान से अरेस्ट कर लिया है। पुलिस द्वारा जिन लोगों को अरेस्ट किया गया है, वहीं युवक बीती सुबह के समय मुरसलीन अली को उसके घर से भट्टे पर ले जाने के लिए बुलाकर ले गए थे। पुलिस ने पकड़े गये आरोपियों से पूछताछ शुरू कर दी है। उधर दूसरी और मृतक मुरसलीन अली का शव आज शुक्रवार के दिन गांव जौला में आया। जहां पर उसको नम आंखों से सैंकडों लोगों की मौजूदगी में गांव के ही कब्रिस्तान में सुपुर्द खाक कर दिया गया। घटना को लेकर मृतक मुरसलीन के परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। उल्लेखनीय है कि बीते कल गांव जौला निवासी मुरसलीन का गोली लगा शव सरुरपुर थाना क्षेत्र के जंगलों में मिला था।

पुलिस रही चौकन्नी, जुमे की नमाज शांति से हुई सम्पन्न

बुढ़ाना, 25 अक्टूबर (बु.)। आपत्तिजनक पोस्ट वायरल होने के बाद उपजे विवाद में बुढ़ाना पुलिस द्वारा जेल भेजे गये दोनों पक्षों के सभी 20 लोग आज शुक्रवार की सुबह जमानत हो जाने के बाद अपने अपने घर आ गये। इधर बुढ़ाना पुलिस, एलआईयू और इंटेलीजेंस ब्यूरो भी पूरी तरीके से अलर्ट दिखाई दी और जुमे की नमाज को शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराई। कहीं पर भी किसी भी तरह का तनाव देखने को नहीं मिला। पुलिस ने कहीं पर भी कोई जमावड़ा होने नहीं दिया। एसपी देहात आदित्य बंसल के नेतृत्व में सीओ बुढ़ाना गजेंद्र पाल सिंह, कोतवाल आनंद देव मिश्र, क्राइम इंस्पेक्टर धर्मवीर सिंह, एसएसआई ललित शर्मा और कस्बा इंचार्ज ललित कसाना सहित सभी पुलिसकर्मी पैनी नजर रखे रहे। पुलिस सादी वर्दी में भी दिखाई दी। आगामी त्यौहारों के चलते बाजारों में भी आज रौनक देखने को मिली। उधर कस्बे और क्षेत्र के जिम्मेदार लोग दोनों पक्षों में सुलह कराने के बारे में विचार विमर्श भी करते दिखाई दिए। कोतवाल आनंद देव मिश्र ने कस्बे और क्षेत्रवासियों से यही अपील की कि वे किसी भी तरह की अफवाहों पर ध्यान ना दें। अपने बच्चों पर पैनी नजर रखें। कोई वैसी सूचना मिले तो तुरंत पुलिस को इससे अवगत कराएं, ताकि समय रहते अंकुश लगाया जा सके। कुल मिलाकर शांति रही।

पहुंचे सामान्य प्रेक्षक, प्रातः 10 से 11 बजे तक मिलेंगे

मुजफ्फरनगर, 25 अक्टूबर (बु.)। जनपद की मीरांपुर विधान सभा सीट पर उप चुनाव के लिए आयोग से नियुक्त सामान्य प्रेक्षक हरबंस सिंह ब्रसकोन शुक्रवार को जनपद में पहुंच गए हैं। जनपद में पहुंचने की जानकारी देते हुए अपर जिलाधिकारी प्रशासन/उप जिला निर्वाचन अधिकारी नरेन्द्र बहादुर सिंह ने बताया कि विधान सभा उप निर्वाचन-16 मीरांपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र 2024 को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त सामान्य प्रेक्षक हरबंस सिंह ब्रसकोन जनपद में पहुंच गए हैं, जिनका मोबाइल नम्बर- 9528473578 है, उनके जन सामान्य से मिलने का स्थान कक्ष संख्या-1 निरीक्षण भवन लोक निर्माण विभाग मुजफ्फरनगर एवं मिलने का समय प्रातः 10 बजे से प्रातः 11 बजे तक रहेगा।

शहर से कूड़े उठाने में करोड़ों का खेल, जिम्मेदार दिखे मौन

- वेतन न मिलने पर कर्मचारियों ने घेरे कंपनी अधिकारी - सभी घरों से कूड़ा उठाने में विफल कंपनी का कटा भुगतान

इन्होंने कहा ....
ईओ पालिका डॉ. प्रज्ञा सिंह ने बताया कि एनआईटूसी कम्पनी द्वारा अभी सभी घरों से कूड़ा नहीं उठाया जा रहा है। इस संबंध में कम्पनी से सभी घरों से कूड़ा को उठाते हुए ट्रिपिंग फीस जमा करने के निर्देश दिए हैं। अगस्त माह में 27 लाख व सितम्बर माह में 20 लाख रुपए ट्रिपिंग फीस जमा कराई है। ऐसे में कम्पनी भुगतान में कटौती करते हुए सितम्बर माह में करीब 50 लाख रुपए का भुगतान किया है।

मुजफ्फरनगर, 25 अक्टूबर (बु.)। पालिका क्षेत्र को क्लीन एंड ग्रीन बनाने की दिशा में आगे बढ़ी पालिका चेयरपर्सन को नगर पालिका के जिम्मेदार ही पलीता लगाने में लगे हैं। ऐसे में शहर के इस कूड़े में करोड़ों रुपए का खेल होने की चर्चा जोरों पर है, जबकि पालिका प्रशासन इसे लेकर गंभीर नहीं है। दिल्ली की एमआईटूसी कंपनी द्वारा अनुबंध की शर्तों का पालन न करने से समस्या बढ़ती जा रही है। शुक्रवार को इस मुद्दे को लेकर संविदा कर्मियों ने उक्त कंपनी प्रबंधन पर वेतन न देने के आरोप लगाते हुए हड़ताल कर दी और अधिकारियों का घेराव किया। इससे पूर्व वेतन न मिलने के चलते पूर्व में चेयरपर्सन के नई मंडी आवास पर उक्त कर्मी प्रदर्शन कर चुके हैं। दिल्ली की एमआईटूसी कंपनी द्वारा पालिका से तय शर्तों के बीच नगर क्षेत्र के सभी 86 हजार भवनों से कूड़ा उठाने का जिम्मा लेते हुए अनुबंध किया था, पर उसके द्वारा कूड़ा नहीं उठाया जा रहा है फिर भी पालिका प्रतिमाह कंपनी को 92 लाख रुपए भुगतान कर रही है। वहीं कम्पनी ट्रिपिंग फीस जमा कराने में भी बड़ा खेल कर रही है। कम्पनी द्वारा पालिका में पूरी ट्रिपिंग फीस भी जमा नहीं कराई जा रही है। शहरी क्षेत्र से प्रतिदिन 300 टन से अधिक कूड़ा निकलता है। शहर में डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन और डलावघरों से कूड़ा उठाने के लिए पालिका का एमआईटूसी कम्पनी के साथ फरवरी माह में अनुबंध हुआ था। नगर पालिका क्षेत्र में 86 हजार से अधिक आवास है। इनमें से करीब 30 फीसदी घरों से कम्पनी वर्तमान में अपनी मर्जी से कूड़ा उठा पा रही है। शेष 70 प्रतिशत घरों से कम्पनी द्वारा डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन नहीं किया जा रहा है। यही नहीं कंपनी कर्मचारी क्षेत्र में अपनी मर्जी से जिस किसी का जिस दिन कूड़ा उठा लेगी और जब मर्जी न हो तो उसके घर के सामने से यूं ही गुजर जाएंगे, भले ही घर का मालिक अपने हाथ में कूड़े को लिए ही क्यों न खड़ा हो। ऐसा एक नहीं कई बार जिम्मेदार लोगों के साथ में कम्पनी कर्मचारी कर चुके हैं। कंपनी ने जुलाई माह में करीब 12 लाख रुपए ट्रिपिंग फीस नगर पालिका में जमा कराई है। इसके बाद अगस्त माह में उसके द्वारा करीब 27 लाख टिपिंग फीस जमा कराई है। पालिका के द्वारा भुगतान रोकने पर अब कम्पनी द्वारा सितम्बर माह की 20 लाख रुपए टिपिंग फीस जमा कराई है। चर्चा है कि कम्पनी घरों से निर्धारित शुल्क से अधिक ट्रिपिंग फीस वसूली कर रही है, लेकिन पालिका में जमा कराने में कंजूसी कर रही है।

विधानसभा उपचुनाव में इस्तेमाल के लिए आई ढ़ाई लाख की अवैध शराब पकड़ी

- दो कारों समेत हरियाणा के पांच शराब तस्कर पुलिस के हत्थे चढ़े

शाहपुर, 25 अक्टूबर (बु.)। शाहपुर पुलिस व आबकारी विभाग की टीम ने चैकिंग के दौरान दो कारों से करीब ढ़ाई लाख रुपए की कीमत की 28 पेटी अंग्रेजी व देसी शराब की बरामद की है। थाना पुलिस व आबकारी विभाग की टीम ने निरमाना गेट के पास चैकिंग के दौरान मुजफ्फरनगर की ओर से आ रही दो कारो को रोककर उनकी तलाशी ली तो दोनों कारों में से हरियाणा मार्का की 20 पेटी अंग्रेजी शराब व आठ पेटी देशी शराब की बरामद की है, जिनकी कीमत करीब ढ़ाई लाख रुपए है। बताया जाता है कि उक्त शराब आगामी विधानसभा उपचुनाव में इस्तेमाल की जानी थी पुलिस गिरफ्तार लोगों से पूछताछ कर रही है। आज भी संयुक्त टीम ने आगामी विधानसभा उपचुनाव के दृष्टिगत हरियाणा राज्य से तस्करी कर लायी जा रही लगभग 2.5 लाख रुपये की अवैध शराब को जब्त करते हुए थाना शाहपुर पुलिस व आबकारी टीम की संयुक्त कार्यवाही में 05 शराब तस्कर अभियुक्तगणों को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से 08 पेटी ब्लेण्डर प्राईड अग्रेजी शराब,10 पेटी रॉयल स्टेग अंग्रेजी शराब, 10 पेटी चाली ऐप्पल ग्रीन देशी शराब हरियाणा मार्का, 01 आई-10 कार व 01 मारूती सुजुकी ईको कार भी बरामद की है। गिरफ्तार अभियुक्त का नाम सन्दीप पुत्र सुरेन्द्र निवासी ग्राम सेनीपुर थाना सदर गोहाना जिला सोनीपत, हरियाणा व सुखचेन पुत्र भूप सिंह निवासी ग्राम सेनीपुर थाना सदर गोहाना जिला सोनीपत, हरियाणा व राहुल पुत्र राजेश निवासी ग्राम सेनीपुर थाना सदर गोहाना जिला सोनीपत, हरियाणा व रोहित पुत्र साहब सिंह निवासी ग्राम सेनीपुर थाना सदर गोहाना जिला सोनीपत, हरियाणा व मंजीत पुत्र रोहताश निवासी ग्राम सेनीपुर थाना सदर गोहाना जिला सोनीपत, हरियाणा हैं।

सुजडू समेत कई मौहल्लों में बिजली चोरी के खिलाफ अभियान से खलबली

मुजफ्फरनगर, 25 अक्टूबर (बु.)। विद्युत नगरीय वितरण खंड तृतीय मुजफ्फरनगर के अंतर्गत सूजडू और शहर के कई इलाकों में जबरदस्त अभियान से खलबली मची रही। 560 उपभोक्ताओं से 25 लाख जमा कराये व विद्युत चोरी कर रहे लोगों के विरुद्ध एफआईआर कराई गई। बिजली विभाग के अभियान में अभी तक इस खंड में ढाई हजार उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटे गए। विभाग ने 3.30 करोड़ का बकाया जमा कराया गया। विद्युत चोरी रोकने एवं बकाया वसूली का महा अभियान के तहत बकाया और बिजली चोरी के मामलों में कार्रवाई की गई। इस खंड में लगभग 5000 उपभोक्ताओं पर 14 करोड़ की बकाया राशि है जिसमें से अब तक 2500 उपभोक्ताओं का कनेक्शन काटकर लगभग 3.30 करोड़ की राजस्व वसूली की जा चुकी है तथा 150 व्यक्तियों पर विद्युत चोरी में रिपोर्ट भी दर्ज कराई गई है। खंड के अंतर्गत लगातार विजिलेंस टीम व पुलिस विभाग की टीम की मदद से बड़े बकायेदारों के बिजली कनेक्शन काटे जा रहे हैं तथा विद्युत चोरी करने वालों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई जा रही है। विद्युत नगरीय वितरण खंड तृतीय अधिशासी अभियंता अनूप सिंह ने बताया कि आज भी सुजुडू, कुंगरपटी,इमामबाड़ा, नियाजीपुरा, रामपुरम, मिमलाना, प्रेमपुरी में विद्युत चोरी रोकने व बकाया वसूली का अभियान चलाया गया जिसमें 560 उपभोक्ताओं से 25 लाख जमा कराये व विद्युत चोरी कर रहे लोगों के विरुद्ध 55 एफआईआर कराई गई। उन्होंने उपभोक्ताओं से अनुरोध किया है कि विद्युत चोरी ना करें एवं अपना विद्युत बिल इस माह जमा कर दें जिससे आपको किसी भी प्रकार की असुविधा ना हो व 24 घंटे विद्युत आपूर्ति मिल सके।

केजरीवाल पर पदयात्रा के दौरान हमला, भाजपा ने बताया जन विरोध

नई दिल्ली, 25 अक्टूबर (एजेंसी)। दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल पर विकासपुरी में पदयात्रा के दौरान हमले की कोशिश की गई। आप ने आरोप लगाते हुए कहा कि यह हमला भाजपा ने कराया है। साथ ही पुलिस पर आरोप लगाए हुए कहा कि दिल्ली पुलिस ने भाजपा के गुंडों को नहीं रोका। प्रदेश भाजपा ने विकासपुरी में पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर हमला होने के आप के दावे को बेबुनियाद करार दिया है। भाजपा ने कहा कि केजरीवाल पर कहीं कोई हमला नहीं हुआ है, बल्कि जनता उनका और उनके विधायकों का विरोध कर रही है। प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा और सांसद कमलजीत सहरावत ने कहा कि चारों ओर केजरीवाल और उनके विधायक जनविरोध का सामना कर रहे हैं। दरअसल लोग बदहाल सड़कों, और लचर स्वास्थ्य एवं शिक्षा सेवाओं से परेशान हैं।

दस साल पुराने डीजल व 15 साल पुराने पेट्रोल वाहनों पर रोक जारी रहेगी

- दिल्ली-एनसीआर वाहन स्क्रैप नीति को चुनौती देने वाली याचिका खारिज

नई दिल्ली, 25 अक्टूबर (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में 10 साल से पुराने डीजल वाहनों और 15 साल से पुराने पेट्रोल वाहनों पर प्रतिबंध को चुनौती देने वाली याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया। मामले में जस्टिस अभय एस ओका और ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने कहा कि एनजीटी के दिशा-निर्देशों को शीर्ष अदालत में लंबित मामले में अंतरिम आवेदन के माध्यम से चुनौती नहीं दी जा सकती। पीठ ने लंबित मामले में दायर आवेदन पर विचार करने से इनकार करते हुए कहा कि दिशा-निर्देशों को चुनौती देने के लिए अलग से कार्यवाही की जानी चाहिए। इसलिए, शीर्ष अदालत ने आवेदक की तरफ से आवेदन वापस लेने की अनुमति दे दी और दिशा-निर्देशों को चुनौती देने या स्पष्टीकरण के लिए संबंधित प्राधिकरण से संपर्क करने को कहा। पीठ ने यह भी कहा कि यदि प्राधिकरण कोई प्रतिकूल आदेश पारित करता है, तो आवेदक कानून के अनुसार उसे चुनौती देने के लिए स्वतंत्र होगा। बता दें कि नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) ने दस साल से अधिक पुराने डीजल वाहनों और पंद्रह साल से अधिक पुराने पेट्रोल वाहनों के संचालन पर रोक लगाने के लिए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। आवेदक ने व्यापक वाह

बुढ़ाना में दुकानों पर विभाग के छापों से हड़कम्प

▸ खाद्य विभाग ने भरे दर्जन भर नमूने, करीब साढ़े तीन लाख का तेल जब्त

बुढ़ाना, 25 अक्टूबर (बु.)। त्यौहारी सीजन में मिलावट को लेकर चलाए गए अभियान में आज खाद्य विभाग की टीम की ताबड़तोड़ छापेमारी से व्यापारियों में हड़कंप मच गया। बाजारों में दुकानों के शटर गिरते चले गये। एक दर्जन नमूने भरने के साथ करीब साढ़े तीन लाख का तेल भी छापे के दौरान जब्त कर लिया गया। मिली जानकारी के अनुसार खाद्य विभाग की टीम ने आज नगर में जमकर छापेमारी की। नकली घी और मिलावटी खाद्य पदार्थ बेचने की शिकायत के बाद की गई कार्रवाई के दौरान आरएसएम घी केंद्र सैनी मोहल्ला बुढाना से घी का एक नमूना, राजेश डेयरी से घी का एक नमूना तथा विनोद किराना स्टोर से घी का एक नमूना, मैसर्स प्रदीप कुमार एंड सन्स बुढाना से सरसों के तेल का दो नमूना, विमल ट्रेडिंग कंपनी बुढाना से सरसों के तेल का एक नमूना तथा रिफाइंड सोयाबीन आयल का एक नमूना, इसके अतिरिक्त लगभग 2200 किलोग्राम खाद्य तेल मूल्य लगभग 3,46000 रुपए को जब्त किया गया।धीरज बेकरी बुढाना से फेन तथा बेकरी शार्टनिंग का एक-एक नमूना, फरीद मिठाई केंद्र बुढाना से बेसन के लड्डू का एक नमूना, बर्फी का एक नमूना तथा मावा का एक नमूना जांच हेतु संग्रहित किया गया। इस प्रकार कुल 12 नमूने खाद्य विश्लेषक द्वारा जांच हेतु संग्रहित किए गए जिन्हें जांच के लिए खाद्य प्रयोगशाला वाराणसी को प्रेषित किया जाएगा। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर खाद्य सुरक्षा एवं मानव अधिनियम 2006 के अंतर्गत अग्रिम कार्यवाही की जाएगी। टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी वैभव शर्मा, विशाल चौधरी, सुनील कुमार, मनोज कुमार तथा खाद्य सहायक कृष्ण कुमार सम्मिलित रहे।

गठबंधन धर्म निभाने को एक मंच पर दिखाई दिए भाजपा-रालोद दिग्गज

▸ मिथलेश पाल को जिताने का लिया संकल्प, किया स्वागत ▸ लंबे समय बाद रालोद दफ्तर पर दिखी अनुराधा चौधरी

मुजफ्फरनगर, 25 अक्टूबर (बु.)। तीन दशक के राजनीतिक सफर में निर्विवाद रहने वाली पूर्व विधायक मिथलेश पाल पर इस बार रालोद अध्यक्ष जयंत चौधरी द्वारा विश्वास व्यक्त करते हुए ऐन वक्त पर प्रत्याशी घोषित होने के बाद शुक्रवार का दिन मिथलेश पाल के बेहतर साबित हुआ, जहां दोनों दलों के दिग्गजों ने बिना किसी विरोध के उनका इस बीच स्वागत कर राजनीतिक क्षेत्र में कद बढ़ाने का का किया है। ऐसे में शुक्रवार को मिथलेश पाल का नामांकन पत्र दाखिल कराने से पूर्व भाजपा व रालोद के तमाम छोटे-बड़े नेता उनकी जीत का संकल्प लेकर एक साथ एक मंच पर दिखाई दिए। यहीं नहीं लंबे अंतराल बाद पूर्व मंत्री व रालोद में कभी दूसरे नंबर पर रही भाजपा नेत्री अनुराधा चौधरी ने रालोद पार्टी कार्यालय पर कदम रखते हुए एकजुटता को बल दिया।

शुक्रवार सुबह भाजपा-रालोद गठबंधन की घोषित प्रत्याशी मिथलेश पाल सुबह कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार से उनके आवास पर मिलने पहुंची, जहां कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार ने उन्हें पार्टी का हरा पटका पहनाकर स्वागत किया। इसके बाद सरकूलर रोड स्थित रालोद पार्टी कार्यालय पर काफिले के साथ पहुंची जहां पर भाजपा और रालोद के तमाम बड़े और छोटे नेताओं के साथ दोनों दलों के कार्यकर्ताओं ने उत्साह के साथ उनका स्वागत किया। सरकूलर रोड स्थित रालोद पार्टी कार्यालय पर इस दौरान भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेन्द्र सिसोजनपद के प्रभारी मंत्री डॉ. सोमेन्द्र तोमर, कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार, पूर्व मंत्री डॉ. संजीव बालियान, सांसद चंदन चौहान, विधायक राजपाल सिंह बालियान, शामली के विधायक प्रसन्न चौधरी, भाजपा नेत्री व पूर्व सांसद अनुराधा चौधरी, पूर्व सांसद सोहन वीर सिंह, पूर्व मंत्री धर्मवीर सिंह बालियान, जिला पंचायत अध्यक्ष वीरपाल निर्वाल, भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. सुधीर सैनी, रालोद जिलाध्यक्ष संदीप मलिक, मंडल अध्यक्ष प्रभात तोमर, शिवान सैनी, विजय शुक्ला, सुधीर खटीक समेत दोनों पार्टी के प्रमुख नेता व कार्यकर्ता इस बीच मौजूद रहे।

यति नरसिंहानंद गिरी ने जारी किया वीडियो, सीएम योगी से की ये मांग

गाजियाबाद, 25 अक्टूबर (एजेंसी)। महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी जी महाराज उत्तर प्रदेश उच्च न्यायालय से अपने खिलाफ दाखिल जनहित याचिका पर अपना पक्ष रखने के लिए तैयार हैं। उन्होंने एक वीडियो जारी करके उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उन्हें उत्तर प्रदेश पुलिस की असंवैधानिक नजरबंदी से रिहा करवाने की प्रार्थना की, ताकि वो प्रयागराज उच्च न्यायालय में अपने विरुद्ध दाखिल की गई मुस्लिम विद्वानों की जनहित याचिका पर अपना पक्ष रख सकें। यह वीडियो आज डॉ उदिता त्यागी ने जारी किया है।

सुल्तानपुर पहुंचे जगद्गुरु रामभद्राचार्यः बोले- मुस्लिम धर्म वाले कर रहे अत्याचार

सुल्तानपुर, 25 अक्टूबर (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर में शुक्रवार को जगदुरु रामभद्राचार्य पहुंचे। यहां शोभायात्रा निकालकर उनका स्वागत किया गया। वह विजेथुआ महावीरन धाम (सूरापुर) पहुंचे। उन्होंने मीडिया से बातचीत में हिंदुत्व को लेकर बयान दिया। कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने कह दिया है कि हिंदुत्व भारतीयता का पर्यायवाची है। जो अत्याचार मुस्लिम धर्म के लोग कर रहे हैं, वह सहन नहीं है। बहराइच घटना का सीधे तौर पर नाम न लेकर उन्होंने कहा अभी दुर्गा पूजा में देखा कितना बड़ा अनर्थ हो गया। कहा कि हमने भविष्यवाणी की थी, मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं, अब बन गए हैं। उन्होंने मोदी से विधि सम्मत अपेक्षाएं रखी हैं। कहा कि मेरी पहली अपेक्षा है, हिंदू मंदिरों में सरकार का जो अधिग्रहण है, वो हटाया जाए। दूसरी अपेक्षा है गंगा जमुना की धारा मेल बढ़े। तीसरी अपेक्षा है हिन्दी राष्ट्र भाषा हो। चौथी अपेक्षा है रामचरित मानस राष्ट्र ग्रंथ हो। हमारे भारत में पाक अधिग्रहित कश्मीर मिल जाए।

कक्षा में पढ़ा रहे थे गुरुजी... अचानक सुनी फुंफकार... सामने अजगर देख हाथ-पांव फूले

सीतापुर, 25 अक्टूबर (एजेंसी)। सीतापुर के महमूदाबाद स्थित महाविद्यालय में शुक्रवार को अजगर निकलने से हड़कंप मच गया। फखरुद्दीन अली अहमद राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय जुड़ौरा में विज्ञान वर्ग की क्लास में शिक्षक पढ़ा रहे थे। इस दौरान उन्होंने एक अजीब आवाज सुनी। क्लास में पीछे अजगर निकला। शिक्षक ने किसी तरह अजगर को डंडे के सहारे कॉलेज के बाहर निकाला। बाहर निकालते समय कई बार अजगर ने अटैक करने की कोशिश की।

400 रुपये कमाने वाले फूल मियां को 114 करोड़ का आयकर नोटिस

बरेली, 25 अक्टूबर (एजेंसी)। बरेली के किला थाना क्षेत्र के कंघी टोला निवासी जरी कारीगर फूल मियां के पैरों तले से उस समय जमीन खिसक गई, जब उनके पास 114 करोड़ रुपये से भी ज्यादा के बकाये का आयकर नोटिस आया। इतना ही नहीं दिन में तीन सौ से चार सौ रुपये कमाने वाले फूल मियां के नाम से दिल्ली में चल रही फर्म ने करीब पांच साल में 232 करोड़ रुपये से ज्यादा का टर्नओवर भी कर डाला। दरअसल, उन्होंने 2018 में मोहल्ले के ही गुड्डू सुंदर उर्फ उवैस से संपर्क किया, जो तीन-चार बार दुबई जा चुका है। साथ ही बेरोजगारों को नौकरी के लिए विदेश भेजता है। गुड्डू ने उन्हें नन्हे उर्फ सुहेल से मिलवाया। इन लोगों ने विदेश में नौकरी लगवाने का वादा कर उनसे आधार व पैन कार्ड जैसे जरूरी कागजात ले लिए।

फ्रॉडी युवक की तलाश में मध्य प्रदेश पुलिस की दबिश

खतौली, 25 अक्टूबर (बु.)। सात लाख रुपये का फ्रॉड करने वाले युवक की तलाश में मध्यप्रदेश प्रान्त की पुलिस द्वारा नगर में दबिश देकर फ्रॉड करने वाले युवक की तलाश की। मिली जानकारी के अनुसार नगर कोतवाली पहुंची मध्य प्रदेश पुलिस के कथानुसार मध्य प्रदेश के ग्वालियर के अजीरा नगर निवासी ललित गुप्ता द्वारा कोतवाली में दी गयी तहरीर में बताया कि खतौली नगर की बालाजीपुरम कॉलोनी निवासी एक युवक स्क्रैप सप्लाई का कार्य करता है, जो व्यापारी ललित को भी एल्यूमिनियम का स्क्रैप सप्लाई का कार्य करता रहता था। पीड़ित व्यापारी का आरोप है कि सप्लायर दानिश ने स्क्रैप सप्लाई करने की धोखाधड़ी करते हुए व्यापारी से सात लाख रुपये की नगदी, ऑनलाईन अपने खाते में करा लिए तथा स्क्रैप ट्रासपोर्ट द्वारा भेजने का वादा किया, परन्तु सात लाख रुपये एडवान्स लेने के पश्चात भी सप्लायर ने स्क्रैप नहीं भेजा तथा कॉल करने पर भी फोन नहीं उठा रहा है। खतौली पहुंची मध्य प्रदेश पुलिस द्वारा बालाजीपुरम कॉलोनी में सप्लायर के आवास पर दबिश दी, परन्तु पुलिस को कोई कामयाबी नहीं मिल पायी।

चकबंदी अधिकारी समेत पांच के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज

मुजफ्फरनगर, 25 अक्टूबर (बु.)। एक किसान की शिकायत पर जिले में बन्दोबस्त अधिकारी चकबंदी समेत पांच लोगों के खिलाफ भ्रष्टाचार और धोखाधड़ी के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कराई गयी है। थाना सिविल लाइन पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। शहर कोतवाली क्षेत्र के गांव सैदपुर निवासी किसान जाहिद ने विशेष अदालत भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम मेरठ में एक प्रार्थना-पत्र दायर किया था, जिसमें उसने आरोप लगाया था कि चकबंदी निर्णित होने के बाद गलत तथ्यों के आधार पर प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया था, जिसके सम्बन्ध में बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी राकेश कुमार सागर के न्यायालय में चल रही थी। आरोप है कि चकबंदी लेखपाल अनिल कुमार व चकबंदी राजस्व निरीक्षक मुकेश कुमार ने उसे बन्दोबस्त अधिकारी चकबंदी राकेश कुमार सागर के आवास पर भेजा था, जहां उससे अवैध रूप से धन की मांग की गई थी। आरोप है कि रकम देने से इंकार करने पर आरोपियों ने साज खाकर कूट रचित दस्तावेजों से उसके साथ धोखाधड़ी की। आरोप है कि इस मामले में एसएसपी और मुख्यमंत्री के पोर्टल पर शिकायत की गई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इस मामले में दो अधिवक्ताओं पर धोखाधड़ी के मामले में आरोप लगाया गया है। कोर्ट के आदेश पर थाना सिविल लाइन पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस व एफएसटी टीम ने चैकिंग के दौरान बीस लाख रुपये पकड़े

मीरापुर, 25 अक्टूबर (बु.)। मीरापुर विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव के चलते प्रशासन द्वारा गठित एफएसटी टीम व मीरापुर पुलिस को चैकिंग के दौरान बाईक सवार एक फल व्यापारी की तलाशी लेने पर बीस लाख की नकदी बरामद हुई और टीम ने बरामद रकम को थाने मालखाने में जमा करा दी। मीरापुर विधानसभा सीट पर 13 नवम्बर को होने वाले उपचुनाव के चलते शुक्रवार को एफएसटी टीम इंचार्ज गगन कुमार तोमर व मीरापुर इंस्पेक्टर बबलू कुमार मोंटी तिराहे पर वाहनों की चैकिंग कर रहे थे। इस दौरान टीम ने एक बाइक सवार को चैकिंग के लिये रोका तथा उसके बैग की तलाशी ली, तो बैग में बीस लाख की नकदी मिली। बाइक सवार ईशा पुत्र मुस्तफा निवासी मौहल्ला गुर्जरवाड़ा देवबन्द ने पूछताछ के दौरान खुद को फलों का थोक व्यापारी(आढ़ती) बताया। एफएसटी टीम द्वारा रुपयों के बारे में जानकारी करने पर फल व्यापारी ईशा कोई सही जानकारी नहीं दे सका। पुलिस व एफएसटी ने रुपयों के बारे में सही जानकारी न मिलने पर सभी रुपयों की सही से गिनती कर पूरी रकम 20 लाख रुपये थाने के मालखाने में जमा करा दी गई है। एफएसटी टीम इंचार्ज गगन कुमार तोमर ने बताया कि सभी रुपयों की गिनती कराकर थाने के मालखाने में जमा करा दिये गये है और इनकमटैक्स डिपार्टमेंट को जानकारी दे दी गई है।

शेष - बाजार होगा टनाटन, हर दुकान पर ...

ग्राहकों की संख्या बढ़ गई है। झांसी रानी, एसडी कॉलेज मार्केट, आसपास के कपड़ा बाजारों, टाउन हाल रोड, नई मंडी और गांधी कॉलोनी बाजार में ग्राहक त्योहारी सीजन में कपड़ों की खरीदारी कर रहे हैं। एक कपड़ा कारोबारी का कहना है कि नवरात्र से पहले कारोबार ठंडा था, लेकिन अब इसमें बढ़ोत्तरी हुई है। सर्राफा बाजार में रौनक लौट रही है। महंगाई के बावजूद सोने और चांदी के जेवरात लोगों को भा रहे हैं। इसके साथ ही त्यौहार पर चाहे रस्म ही सही, खरीदारी तो करनी है। धनतेरस और दीपावली पर कारोबार में अच्छी बढ़ोत्तरी होने की उम्मीद है। आभूषणों के अलावा चांदी के सिक्के, चांदी के नोट और मूर्तियों व बर्तनों की भी खासी मांग इस मौके पर रहेगी। ऐसे में बाजार पर महंगाई के बावजूद खासा धन बरसने की आशा है। दूसरी ओर इलेक्ट्रानिक्स बाजार में एलईडी, फ्रिज, वाशिंग मशीन, गीजर, प्रेस, इंडेक्शन चूल्हा सहित अनेक तरह के इलेक्ट्रॉनिक्स सामान ग्राहकों को लुभा रहे हैं। मोबाइल के नए मॉडल युवाओं को लुभा रहे हैं। हालांकि वे इस बात का इंतजार कर रहे हैं कि धन तेरस के दिन ही नया मोबाइल खरीदें। तमाम कंपनियों ने इस मौके पर ग्राहकों को आकर्षित करने के तमाम इंतजाम किए हैं। ऐसे में इलेक्ट्रानिक्स और मोबाइल पर कंपनियों के साथ स्थानीय दुकानदार भी आकर्षक ऑफर दे रहे हैं।

मां ने पबजी खेलने से मना किया तो बेटे ने फांसी लगाकर दी जान

प्रयागराज, 25 अक्टूबर (एजेंसी)। मां ने फोन चलाने से मना किया तो बेटे ने घर की दूसरी मंजिल पर रेलिंग में साड़ी बांधकर फंदे से लटककर जान दे दी। पड़ोसी दोस्त पबजी खेलने के लिए उसे रात को बुलाने आया तो परिजनों को घटना की जानकारी हुई। आनन-फानन उसे कॉल्विन अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। करेली थाना क्षेत्र के करेलाबाग निवासी रामभूषण निषाद के पांच बेटों में तेजा-18 सबसे छोटा था। बताया जा रहा है कि उसे पबजी खेलने की आदत थी। इस कारण दिनभर मोबाइल में लगा रहता था। परिजनों ने उसे कई बार पबजी से दूर रहने की नसीहत दी, लेकिन वह नहीं माना। पुलिस की पूछताछ में परिजनों ने बताया कि बुधवार की रात को भी तेजा फोन चला रहा था, तभी उसकी मां ने फटकार लगाई और मोबाइल छीन लिया। इसे लेकर जब वह मां से बहस करने लगा तो पिता ने उसे गुस्से में दो-तीन थप्पड़ मार दिये। इसके बाद तेजा नाराज होकर कमरे में चला गया। थोड़ी देर बाद खाना खाने के लिए परिजन उसे मनाने पहुंचे, लेकिन वह नहीं माना। इसके बाद परिजनों ने सोचा कि कुछ देर बाद गुस्सा शांत हो जाएगा तो खा लेगा। उन्हें नहीं पता था कि वह आत्मघाती कदम उठा लेगा। करीब 11 बजे रात को पड़ौसी दोस्त समीर उसे पबजी खेलने के लिए फोन करने लगा। कई बार फोन करने पर जब नहीं उठा, तो वह घर पर आकर तेजा के बारे में पूछने लगा। कमरे में जाकर देखा गया, तो वह नहीं था। इसके बाद परिवार के सभी लोग उसे आसपास के पार्क व अन्य स्थानों पर खोजने लगे, तभी उसके दोस्त ने छत की ओर इशारा किया, जिधर देखते ही परिजनों में चीख पुकार मच गई। तेजा दूसरी मंजिल की छत में लगी रेलिंग के सहारे साड़ी के फंदे से लटका हुआ था। मशक्कत के बाद लोगों ने उसे नीचे उतारा। साथ ही पुलिस को सूचना दी गई।

मच्छर अगरबत्ती फैक्टरी में हादसा, दो की मौत

कन्नौज, 25 अक्टूबर (एजेंसी)। कन्नौज जिले में मच्छर अगरबत्ती बनाने वाली एक फैक्टरी में गुरुवार शाम अचानक जहरीले केमिकल की गंध से चार महिला श्रमिकों की हालत बिगड़ गई। परिजनों ने चारों को निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया। यहां से एक युवती को कानपुर रेफर किया गया। कानपुर ले जाते समय देर रात उसकी मौत हो गई, जबकि दूसरी महिला की शुक्रवार सुबह घर में ही मौत हो गई। वहीं, दो महिलाओं का गंभीर हालत में कानपुर के एक निजी अस्पताल में इलाज किया जा रहा है। शहर के मोहल्ला चौकी मुस्तफापुर में मच्छर अगरबत्ती बनाने वाल एक फैक्टरी संचालित है। बताया जा रहा है कि इस फैक्टरी में करीब 70 श्रमिक काम करते हैं। गुरुवार शाम फैक्टरी में अगरबत्ती बनाने का काम चल रहा था। इसी दौरान अगरबत्ती में इस्तेमाल किए जाने वाले जहरीले केमिकल की गंध से चार महिला श्रमिकों प्रीती (21), दिव्या (35), गौरी (22) व प्रिया (23) की हालत बिगड़ने लगी। साथी श्रमिकों ने उनके घर पर फोन कर परिजनों को मामले की जानकारी दी।

भाकियू की जिला और ब्लॉक कार्यकारिणी भंग

मुजफ्फरनगर, 25 अक्टूबर (बु.)। भाकियू की जिला और ब्लॉक कार्यकारिणी को तत्काल प्रभाव से भंग कर दिया है। जिलाध्यक्ष योगेश शर्मा ने यह ऐलान करते हुए कहा कि विभिन्न पदों के लिए ऐसे कार्यकर्ता आवेदन कर सकते हैं, जिनके पास ट्रैक्टर-ट्रॉली और 15 सदस्यों की टीम हो और संगठन के धरने प्रदर्शन में पहुंचने और रात में रुकने का समय भी हो। जिलाध्यक्ष ने बताया कि जिला कार्यकारिणी, ब्लॉक कार्यकारिणी और तहसील कार्यकारिणी तत्काल प्रभाव से भंग की गई हैं। भविष्य में पुनर्गठित होने वाली जिला, ब्लॉक व तहसील कार्यकारिणी में केवल वही कार्यकर्ता पद के लिए आवेदन कर सकता है, जिस पर संगठन के कार्यक्रमों व धरना प्रदर्शनों में भाग लेने के लिए स्वयं का ट्रैक्टर-ट्रॉली व धरना प्रदर्शन में आने वाली कम से कम 15 लोगों की अपनी टीम हो और वह संगठन के कार्यक्रमों में रात्रि में रुक सकता हो।

अमरोहा में स्कूल वैन पर की गोलीबारी

अमरोहा, 25 अक्टूबर (वार्ता) उत्तर प्रदेश में अमरोहा जिले के गजरौला क्षेत्र में शुक्रवार सुबह नकाबपोश बदमाशों ने एक स्कूल वैन को निशाना बना कर गोलीबारी की। गनीमत रही कि वैन में सवार किसी बच्चे को नुकसान नहीं पहुंचा। पुलिस ने इस सिलसिले में तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है जिसमें एक को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। पुलिस क्षेत्राधिकारी मंडी धनौरा श्वेताभ भास्कर ने बताया कि आज सुबह थाना गजरौला क्षेत्र के खाद गुर्जर मार्ग पर गांव नंगला के समीप निजी स्कूल वैन पर नकाबपोश बदमाशों द्वारा फायरिंग करने की घटना सामने आई है। घटना के समय वैन में 28 मासूम छात्र सवार थे। गनीमत रही कि घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर स्थिति का जायजा लिया तथा तीन लोगों के ख़िलाफ़ मुक़दमा दर्ज कर लिया गया है। जिसमें से एक संदिग्ध को पुलिस ने हिरासत में ले कर पूछताछ की जा रही है। घटना के पीछे वैन चालक मोंटी से वाहन टकराने के दौरान हुई आपसी कहासुनी का बदला लेने की वजह बताई जा रही है। घटना के वक्त वैन में कक्षा चार के 28 बच्चे सवार थे। वैन में सवार बच्चों में चीख-पुकार मच गई। बच्चों ने सीटों के नीचे छिप कर अपनी जान बचाई। बताया गया है कि स्कूल वैन पर पत्थरबाज़ी भी की गई। स्कूल वैन चालक ने सूझबूझ और साहस का परिचय देते हुए वाहन को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया और पूरी घटना की जानकारी स्कूल प्रबंधन को दी। प्रिंसिपल ने घटना के बारे में थाना पुलिस को अवगत कराया। मौके पर पहुंच कर पुलिस ने मामले की तहकीकात की।

टली बड़ी दुघर्टनाः सहारनपुर में अनाज से भरी मालगाड़ी के दो डिब्बे पटरी से उतरे, मेरठ में भी हुआ हादसा

सहारनपुर, 25 अक्टूबर (एजेंसी)। पंजाब से बामनहेड़ी जा रही मालगाड़ी के दो डिब्बे पटरी से उतर गए। मालगाड़ी में अनाज भरा हुआ है। पता लगते ही अम्बाला से डीआरएम समेत आला अफसर सहारनपुर पहुंचे और घटना की जानकारी ली। कई ट्रेनों को अन्य प्लेटफार्म से निकाला गया।

घटना सुबह करीब छह बजे की है। मालगाड़ी पंजाब में फिरोजपुर के गुरुहरसहाय से अनाज लेकर निकली थी। सुबह जब वह सहारनपुर रेलवे स्टेशन के पास पहुंची तो मालगाड़ी के 28 व 29 नंबर के दो डिब्बे बेपटरी हो गए। जबकि आगे के डिब्बों को काटकर रवाना किया। रेलवे विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंच गए है। बेपटरी डिब्बों के उतरने का कारण तलाश रहे हैं। रेलवे विभाग ने हादसे की जांच शुरू कर दी है। सहारनपुर रेलवे के अधिकारियों अंबाला में अपने अधिकारियों को इसकी सूचना दी। डीआरएम मनदीप सिंह भाटिया सहारनपुर पहुंचे। जो जांच कर रहे हैं। वहीं मेरठ सिटी स्टेशन के पास रोहता रोड ओवर ब्रिज के नीचे शंटिंग के दौरान मालगाड़ी के दो डब्बे पटरी से उतरे। डिब्बे पटरी से उतरने के कारण अपलाइन पर ट्रेनों का संचालन बाधित हो गया है तमाम ट्रेनों को डाउन लाइन से निकाला जा रहा है। हादसे के बाद रेलवे अधिकारी मौके पर पहुंच रहे हैं। दिल्ली से सहारनपुर की ओर जाने वाली ट्रेनों को डाउनलाइन लाइन से निकाला जा रहा है।

झांसी जा रही इंटरसिटी ट्रेन की बोगी में चिंगारी के साथ निकला धुआं, यात्री कूदकर भागे

महोबा, 25 अक्टूबर (एजेंसी)। रेलवे स्टेशन महोबा से चलकर झांसी जा रही खजुराहो-उदयपुर इंटरसिटी ट्रेन की एक बोगी में चिंगारी उठने के साथ धुएं का गुबार निकलने लगा। बोगी में आग लगने की आशंका को लेकर यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। तमाम यात्री ट्रेन से कूदकर भागने लगे। मऊरानीपुर रेलवे स्टेशन पर ट्रेन रोककर आग बुझाई गई। इस दौरान करीब 40 मिनट तक ट्रेन खड़ी रही। अधिकारियों की जांच के बाद ट्रेन को झांसी के लिए रवाना किया गया।

खजुराहो-उदयपुर इंटरसिटी ट्रेन महोबा से होकर उदयपुर जाती है। यह ट्रेन सुबह 11 बजे महोबा रेलवे स्टेशन से गंतव्य के लिए रवाना हुई। मऊरानीपुर रेलवे स्टेशन से दो किमी पहले ट्रेन की एम-टू बोगी से धुआं निकलने लगा। चिंगारी के साथ धुएं का गुबार उठने से यात्रियों में खलबली मच गई। स्टेशन आने पर ट्रेन धीमी होते ही यात्री बोगी से कूदकर भागने लगे। चालक ने ट्रेन रोकते हुए विभागीय अधिकारियों को सूचना दी। तब अग्निशमन यंत्रों से आग पर काबू पाया जा सका। उत्तर-मध्य रेलवे झांसी मंडल के पीआरओ मनोज कुमार का कहना है कि इंटरसिटी ट्रेन की एक बोगी से धुआं निकलने पर ट्रेन को रोककर आग बुझाई गई। इस दौरान करीब 40 मिनट ट्रेन खड़ी रही। अन्य कोई ट्रेन प्रभावित नहीं हुई। जांच के बाद ट्रेन को गंतव्य के लिए रवाना कराया गया।

खतौली में खूंखार बंदरों का आतंक, आमजन में दहशत

खतौली, 25 अक्टूबर (बु.)। नगर में पिछले काफी समय से लगातार खूंखार बंदरों के बढ़ते खौफ से लोगों को आर्थिक और मानसिक समस्या से जूझना पड़ रहा है...जबकि खतौली कस्बे में बड़ी संख्या में लोगों के मकानों की छतों पर एवं घरों में आवारा घूम रहे छोटे-बड़े खूंखार बंदरों के खौफ में कस्बावासी जीने के लिए मजबूर हो गए है!... विगत दिवस रेलवे रोड पर छात्र छात्राओं के पीछे पड़े बंदरों से भागकर जान बचाई...सब्जी वालों से भी यदि कोई सब्जी या फल लेकर जाता है, उसकी खैर नहीं... थैला छीन कर भाग जाते हैं ये बंदर...। इसके साथ इन खूंखार बंदरों ने बीते सप्ताह में एक महिला सहित कई मासूमों पर अपना झपट्टा मारकर उन्हें घायल कर चुके हैं! जबकि खूंखार बंदरों का शिकार हुई घायल महिला का एक प्राइवेट अस्पताल में इलाज जारी है, जिसके चलते आवारा घूम रहे इन खूंखार बंदरों के आतंक से परेशान होकर कस्बावासी भयभीत होकर डर के साए में जीने के लिए मजबूर हैं! जबकि अभी तक भी स्थानीय विभाग की ओर से इन आवारा खूंखार बंदरों को पकड़ने के लिए कोई भी अभियान अभी तक भी नहीं चलाया गया है, जिनको पकड़ने के लिए खतौली कस्बे के लोगों ने स्थानीय विभाग से इन आवारा खूंखार बंदरों को जल्द से जल्द अभियान चलाकर पकड़वाने की मांग की है...!

गोण्डा में दोहरी हत्या से सनसनी

गोण्डा, 25 अक्टूबर (वार्ता) उत्तर प्रदेश में गोण्डा जिले के नगर कोतवाली क्षेत्र में शुक्रवार को दोहरे हत्याकांड से इलाके में सनसनी फैल गयी। पुलिस के अनुसार नगर क्षेत्र में स्थित मेडिकल कॉलेज के पीछे परेड सरकार गांव के पास विजय कुमार उर्फ बब्बन (22) का शव मिला है। शव पर धारदार हथियार से किये गये वार से चोट के निशान मिले हैं। इसी प्रकार मृतक के पट्टीदार दीपक का क्षत विक्षत शव छिटनापुर रेलवे क्रासिग के पास पड़ा मिला। दोनों ही घटनाओं के तार जुड़े हुये बताये गये हैं। दीपक के शव के पास से मृतक विजय की बाइक बरामद हुई हैं। मृतक के परिजनों नें बताया कि देर रात करीब तीन बजे एक फोन कॉल के बाद विजय घर से बाहर गया और सुबह विजय व दीपक का शव मिला। पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल नें बताया कि पूरे मामले की गहराई से जांच की जा रहीं है।

20 से अधिक उड़ानों को बम से उड़ाने की धमकी मिली

नई दिल्ली, 25 अक्टूबर (एजेंसी)। विमानों को बम से उड़ाने की धमकी मिलने की सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। शुक्रवार को एक बार फिर से 25 से अधिक उड़ानों को बम की धमकी मिली। इनमें इंडिगो, विस्तारा और स्पाइसजेट की सात और एयर इंडिया की छह उड़ाने शामिल हैं। विमानन सूत्रों ने यह जानकारी दी। इंडिगो की जिन उड़ानों को धमकी मिली है, उनमें 6ई 11 (दिल्ली-इस्तांबुल), 6ई 58 (जेद्दा-मुंबई), 6ई 17 (मुंबई-इस्तांबुल), 6ई 108 (हैदराबाद-चंडीगढ़), 6ई 133 (पुणे-जोधपुर), 6ई 87 (कोझिकोड-दम्माम) और 6ई 2099 (उदपुर-दिल्ली) शामिल हैं। एयरलाइनों ने प्रेस को जारी एक बयान में कहा, हमारे सख्त सुरक्षा प्रोटोकॉल के अनुसार सभी जरूरी उपाय किए जा रहे हैं और हम संबंधित अधिकारियों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। हमारे ग्राहकों और कर्मचारियों की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। हम इस समय किसी भी असुविधा के लिए खेद व्यक्त करते हैं और ग्राहकों की समझदारी की सराहना करते हैं। इससे एक दिन पहले 80 से ज्यादा उड़ानों को बम से उड़ाने की धमकी मिली थी। इनमें एयर इंडिया की 20 उड़ान, इंडिगो के 20, विस्तारा के 20 और अकासा एयरलाइन की 25 उड़ाने शामिल थीं। पिछले दो हफ्तों में इस तरह की ढाई सौ से भी ज्यादा धमकियां मिली हैं। इनमें से ज्यादातर धमकियां सोशल मीडिया के जरिए दी गई।

बुढ़ाना के बवाली होंगे पांच-पांच लाख रुपये के मुचलकों पर पाबंद

मुजफ्फरनगर, 25 अक्टूबर (बु.)। पुलिस बुढ़ाना बवाल के आरोपियों को पांच-पांच लाख रुपए के मुचलकों से पाबंद करेगी। बवाल के 19 आरोपियों को पुलिस गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। यह सभी जमानत पर बाहर आ चुके हैं। हालांकि पुलिस ने अभी तक 50 आरोपियों को चिन्हित कर लिया है। फरार आरोपियों की तलाश में पुलिस की टीमें लगातार दबिश दे रही है।

बुढ़ाना कस्बे में 19 अक्टूबर को अखिल त्यागी ने एक ग्रुप में धर्म को लेकर अशोभनीय टिप्पणी कर दी थी, जिसके विरोध में कस्बे में सैकड़ों लोगों ने सड़क पर जाम लगाते हुए जमकर बवाल किया था। उसके बाद आरोपियों ने अखिल त्यागी के घर व दुकान पर पथराव भी किया था। बवाल से माहौल खराब हो गया था। इस मामले में पुलिस की तरफ से तीन मुकदमे दर्ज किए थे। बुढ़ाना पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे के आधार पर 50 आरोपियों को चिन्हित किया था। पुलिस ने इसमे 19 आरोपियों को तीन दिन पूर्व गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। गिरफ्तार किए गए